संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 76 गुरुवार 16 जनवरी 2025, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# मोहन भागवत का बयान है देशद्रोह



» राहुल गांधी ने मोहन भागवत के सच्ची आजादी वाले बयान पर किया हमला...

**नई दिल्ली,15 जनवरी 2025(ए)।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के एक बयान पर सियासी घमासान मचा हुआ है। भागवत ने स्पीच देते हुए कहा था कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के रूप में मनाई जानी चाहिए क्योंकि अनेक सदियों से दुश्मन का आक्रमण झेलने वाले देश की सच्ची स्वतंत्रता इस दिन प्रतिष्ठित हुई थी। उनके इस बयान पर जुबानी जंग छिड़ गई है। इसे लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत का यह बयान राजद्रोह के समान है। भागवत ने जो कहा है वह हर भारतीय का अपमान है और किसी दूसरे देश में ऐसा होने पर तो भागवत अब तक गिरफ्तार किए जा चुके होते।

### राहुल गांधी ने घेरा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत का यह बयान राजद्रोह के समान है कि भारत को सच्ची स्वतंत्रता राम मंदिर बनने के बाद मिली, राहुल ने पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन के अवसर पर पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भागवत ने जो कहा है वह हर भारतीय का अपमान है और किसी दूसरे देश में ऐसा होने पर तो भागवत अब तक गिरफ्तार किए जा चुके होते। भागवत ने जो कहा है वह राजद्रोह के समान है क्योंकि उनके कहने का मतलब है कि संविधान अवैध है, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई अवैध है।

## क्या था मोहन भागवत का विवादास्पद बयान

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का बड़ा बयान आया है। भागवत ने कहा कि 22 जनवरी 2024, जो कि अयोध्या में राम मंदिर में राम लल्ला की प्रतिष्ठा का दिन है, उसे प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाया जाना चाहिए और इसे भारत के सच्चे स्वतंत्रता दिवस के रूप में मान्यता दिया जाना चाहिए। यह घोषणा उन्होंने 13 जनवरी को इंदौर में आयोजित एक पुरस्कार समारोह के दौरान की, जो श्री अहिल्योत्सव समिति द्वारा आयोजित किया गया था।

### भागवत का सच्ची स्वतंत्रता का दृष्टिकोण

भागवत ने कहा कि भारत ने 15 अगस्त 1947 को राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी, लेकिन इसका सच्चा स्वतंत्रता दिवस वह दिन था, जब अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्रतिष्ठा हुई। उन्होंने कहा, यह दिन भारत की असली पहचान और स्वतंत्रता का प्रतीक है, जो सदियों की विदेशी शासन के बाद जागृत हुआ है। आरएसएस प्रमुख ने यह भी स्पष्ट किया कि राम मंदिर आंदोलन किसी विरोध का कार्य नहीं था, बल्कि यह भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित करने का एक मिशन था।

### राष्ट्रीय उत्सव का आह्वान

भागवत ने 22 जनवरी को प्रतिवर्ष प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाने की अपील की, जो सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बने। उन्होंने यह भी कहा कि राम मंदिर की प्रतिष्ठा बिना किसी विवाद के संपन्न हुई, जो इस आंदोलन की समावेशी और एकजुटता को दर्शाता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को कहा था कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के रूप में मनाई जानी चाहिए क्योंकि अनेक सदियों से दुश्मन का आक्रमण झेलने वाले देश को सच्ची स्वतंत्रता इस दिन मिली थी। इस पर कांग्रेस और शिवसेना ने पलटवार किया है।

दूसरे देश में तो अब तक उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता और उन पर मुकदमा चलाया जाता',साथ ही साथ कहा कि अब समय आ गया है जब इस तरह की बकवास सुनना बंद होना चाहिए, उन्होंने कहा, ''दो विचारों के बीच लड़ाई है, एक हमारा विचार है जो संविधान का विचार है और दूसरी तरफ आरएसएस का विचार है जो इसके उलट है। इसके अलावा कहा कि ''देश में कोई दूसरा दल नहीं है जो भाजपा और आरएसएस के एजेंडे को रोक सके, सिर्फ कांग्रेस ही इन्हें रोक सकती है क्योंकि हम एक विचारधारा वाली पार्टी हैं''

### ये भी बोले राहुल गांधी

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी कहते हैं, आज जो लोग सत्ता में हैं, वे तिरंगे को सलाम नहीं करते, राष्ट्रीय ध्वज को नहीं मानते, संविधान को नहीं मानते और भारत के बारे में उनका नजरिया हमसे बिल्कुल अलग है, वे चाहते हैं कि भारत को एक छायादार, छुपे हुए, गुप्त समाज द्वारा चलाया जाए, वे चाहते हैं कि भारत को एक आदमी द्वारा चलाया जाए और वे इस देश की आवाज को कुचलना चाहते हैं, वे दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ी जातियों और आदिवासियों की आवाज को कुचलना चाहते हैं, यह उनका एजेंडा है और मैं यह भी स्पष्ट रूप से कहना चाहूंगा कि इस देश में कोई भी दूसरी पार्टी नहीं है जो उन्हें रोक सके, उन्हें रोकने वाली एकमात्र पार्टी कांग्रेस पार्टी है, इसका कारण यह है कि हम एक वैचारिक पार्टी हैं।



## बेंगलुरु की स्टार्टअप कंपनी ने रचा कीर्तिमान

» लॉन्च की गई पहली भारतीय कमर्शियल सैटेलाइट

» क्या है स्पेस मिशन का लक्ष्य?

» पांच सेंटीमीटर जितनी छोटी वस्तुओं को ट्रैक कर सकेगी सेटेलाइट

» अंतरिक्ष यान की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएगी सेटेलाइट

**नई दिल्ली,15 जनवरी 2025(ए)।** बेंगलुरु की स्टार्टअप कंपनी दिगंतारा ने बड़ा कारमाना कर दिखाया है। दिगंतारा की प्राइवेट सैटेलाइट को अंतरिक्ष में लॉन्च कर दिया गया। वहीं, इस सैटेलाइट को स्पेस में प्रक्षेपित भी कर दिया गया है। यह भारत की पहली प्राइवेट कंपनी की सैटेलाइट है, जिसे स्पेस में प्रक्षेपति किया गया है। दिगंतरा का स्पेस कैमरा फॉर ऑब्जेक्ट ट्रैकिंग , पांच सेंटीमीटर जितनी छोटी वस्तुओं को ट्रैक करने में सक्षम होगा। कैलिफोर्निया के वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से स्पेसएक्स फॉल्कन-9 रॉकेट से सैटेलाइट को स्पेस में प्रक्षेपित किया गया।अंतरिक्ष यान की सुरक्षा सुनिश्चित करने में यह सैटेलाइट अहम भूमिका निभाएगी। पृथ्वी के चारों ओर की कक्षाएं उपग्रहों के साथ-साथ अंतरिक्ष मलबे से भरी हुई हैं।पिछले महीने, इसरो को कक्षा के मार्ग में ऐसे मलबों की अधिकता के कारण स्पैडेक्स मिशन की लॉन्चिंग को दो मिनट के लिए टालना पड़ा था। कम से कम 25 हजार किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे अंतरिक्ष यान पर मलबे के टुकड़े का हल्का टकराव भी घातक साबित हो सकता है।

## महत्वपूर्ण खबर

### अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आए आसाराम



**जयपुर,15 जनवरी 2025(ए)।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने अंतरिम जमानत देते हुए स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम को 31 मार्च तक रिहाई दी है। यह जमानत स्वास्थ्य कारणों के आधार पर दी गई है, और अदालत ने उसे अपनी पसंदीदा जगह पर इलाज कराने की अनुमति दी है। इसके साथ ही उसे जमानत की शर्तों का पालन करना होगा। आसाराम पिछले कुछ दिनों से जोधपुर के एक आयुर्वेदिक अस्पताल में पैरोल पर भर्ती था और मंगलवार देर रात अस्पताल से निकलकर अपने आश्रम वापस लौट आया। पुलिस ने बुधवार को इसकी पुष्टि की है।


### सरकारी खजाने से प्राप्त धन का इस्तेमाल पर सुप्रीमकोर्ट का बयान



**नई दिल्ली,15 जनवरी 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूछा कि क्या सरकारी खजाने से प्राप्त धन का इस्तेमाल गरीबों के लिए आवास, स्वास्थ्य और शैक्षणिक सुविधाएं बनाने के लिए किया जाना चाहिए या देश में साइकिल ट्रैक बिछाने के लिए।

### आज दुनियाभर में बंद हो जाएगा इंटरनेट

**नई दिल्ली,15 जनवरी 2025 (ए)।** हाल ही में सोशल मीडिया पर द सिम्पसंस शो से जुड़ी एक भविष्यवाणी वायरल हो रही है, जिसमें दावा किया गया है कि 16 जनवरी 2025 को दुनिया भर में इंटरनेट बंद हो जाएगा। इस दावे के साथ एक एनिमेटेड वीडियो भी साझा किया जा रहा है, जिसमें दिखाया गया है कि डोनाल्ड ट्रंप 16 जनवरी को शपथ ले रहे हैं, और तभी एक शार्क समुद्र के अंदर इंटरनेट केबल काट देती है, जिससे दुनियाभर में इंटरनेट सेवा ठप हो जाती है।




## प्रवेश वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज

» मंदिर परिसर में जूते बांटने का है मामला

**नई दिल्ली,15 जनवरी 2025(ए)।** आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के खिलाफ पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है। रिर्टनिंग ऑफिसर ने प्रवेश वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए मंदिर मार्ग पुलिस थाने को पत्र लिखा था। प्रवेश वर्मा पर मतदाताओं को जूते बांटने का आरोप है। प्रवेश वर्मा को वाल्मीकि मंदिर परिसर में जूते बांटते हुए देखा गया था। अधिवक्ता रजनीश भास्कर के द्वारा रिर्टनिंग ऑफिसर ओपी पांडे को भेजे व्हाट्सएप मैसेज के आधार पर यह शिकायत की गई।

### वीडियो में जूते बांटते आये नजर

नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने कहा कि उन्हें मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन के पास वाल्मिकी मंदिर के धार्मिक परिसर में मतदाताओं को जूते बांटने के लिए प्रवेश वर्मा के खिलाफ शिकायत मिली थी। पत्र में आरओ ने लिखा है कि शिकायतकर्ता ने व्हाट्सएप पर दो वीडियो भेजे हैं जिसमे बीजेपी प्रत्याशी वर्मा महिलाओं को जूते बांटते नजर आ रहे हैं। मंदिर मार्ग SHO को भी मामले में कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।



### केजरीवाल के खिलाफ लड़ रहे हैं चुनाव

बता दे कि नई दिल्ली सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने आज ही अपना नामांकन दाखिल किया। पर्चा दाखिल करने से पहले प्रवेश वर्मा ने अपने सर्मथकों के साथ रोड शो भी किया। नामांकन से पहले बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने मंदिर पहुंचकर त्रिशूल-गदा उठाया और भगवान के दर्शन कर आर्शीवाद लिया।

## कांग्रेस मुख्यालय का एड्रेस बदला

» सोनिया गांधी ने नए भवन का किया उद्घाटन

» कई नेता रहे मौजूद

**नई दिल्ली,15 जनवरी 2025(ए)।** कांग्रेस पार्टी ने अपने नए मुख्यालय का उद्घाटन किया, जो अब '9ए कोटला मार्ग' पर स्थित है। इससे पहले, पार्टी का मुख्यालय लगभग पांच दशकों से '24 अकबर रोड' पर था। इस नए मुख्यालय का उद्घाटन कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने किया, उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और पार्टी के अन्य प्रमुख नेता भी मौजूद थे।



उद्घाटन समारोह में ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय गीत, राष्ट्र गान और विजयी विश्व तिरंगा प्यारा.. का गायन हुआ। नई बिल्डिंग को इंदिरा भवन नाम दिया गया है, जो पार्टी और उसके नेताओं की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। इसमें प्रशासनिक, संगठनात्मक और रणनीतिक कार्यों के लिए आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं।

कांग्रेस का नया मुख्यालय कई वर्षों से निर्माणाधीन था। हालांकि, पार्टी ने '24 अकबर रोड' को पूरी तरह खाली करने का निर्णय नहीं लिया है, और यह मुख्यालय 1978 में कांग्रेस (आई) के गठन के बाद से पार्टी का मुख्यालय था। कांग्रेस के नए मुख्यालय में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी भी शामिल हुए।

## पीएम मोदी ने नवी मुंबई में किया इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन



**मुंबई,15 जनवरी 2025(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को मुंबई दौरे पर हैं। अपने इस दौरे के दौरान उन्होंने नवी मुंबई में एक नए इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया। यह मंदिर लगभग 9 एकड़ में फैला हुआ है, जिसमें से 2.5 एकड़ क्षेत्र में भव्य मंदिर बनाया गया है। यह एशिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्कॉन मंदिर है।

## केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर मुकदमा चलाने के लिए ईडी को दी मंजूरी

**नई दिल्ली,15 जनवरी 2025(ए)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ शराब घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग में कथित संलिप्तता के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार, साथ ही आप के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ भी मुकदमा चलाने को मंजूरी दी गई है।



## आप ने दिल्ली की नरेला और हरिनगर सीट पर बदला उम्मीदवार

**नई दिल्ली,15 जनवरी 2025(ए)।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए दो सीटों पर अपने उम्मीदवारों को बदल दिया है।आप ने नरेला विधानसभा सीट पर शरद चौहान और हरिनगर विधानसभा सीट पर सुरिंदर सेठिया को उम्मीदवार बनाया है। पहले नरेला विधानसभा सीट पर दिनेश भारद्वाज और हरिनगर विधानसभा सीट पर राजकुमारी ढिल्लों को टिकट दिया गया था।दिल्ली विधानसभा चुनाव के ऐलान के साथ नरेला विधानसभा हॉट सीट बनी हुई है। नरेला दिल्ली में स्थित एक विधानसभा क्षेत्र है जो उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है।

2015 के विधानसभा चुनाव में नरेला विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी के शरद चौहान ने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार नील दमन खत्री को हराया था। वहीं 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप के शरद चौहान ने अपनी जीत को बरकरार रखा था।

## अंतिम संस्कार की हो गई तैयारी...अचानक जिंदा हो गया मुर्दा



**कन्नूर,15 जनवरी 2025(ए)।** केरल के कन्नूर जिले से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। जिले में मर चुके एक शख्स को लोग शवगृह में लेकर जा रहे थे उससे कुछ ही मिनट पहले वह जिंदा हो गया। इस चमत्कार को देखकर वहां मौजूद लोग हैरान हो गए। मृतक के परिजनों ने उसे मृत मान लिया था और मौत के बाद के आगे की प्रक्रिया के लिए उसे अस्पताल के शवगृह में ले जाया जा रहा था। परिवार ने अगले दिन उसके अंतिम संस्कार की पूरी तैयारी भी कर ली और निधन का शोक संदेश भी रिश्तेदारों को भेज दिया। रिश्तेदार शोक मनाने भी आ गए, लेकिन मुर्दा दोबारा जीवित हो गया, जिससे सभी लोग चौंक गए।

### वेंटिलेटर पर था शख्स,बचने की नहीं थी संभावना

कुथुपरम्बा के पचपोइका निवासी 67 वर्षीय पवित्रन के परिवार ने बताया कि, पवित्रन कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित थे और वह अस्पताल में वेंटिलेटर पर थे, लेकिन इलाज के अधिक खर्च के कारण परिवार ने सोमवार को उन्हें वापस घर लाने का निर्णय लिया। रिश्तेदारों ने बताया कि डॉक्टरों ने बताया कि पवित्रन बिना वेंटिलेटर के जीवित नहीं रह पाएंगे और अगर उसे हटा दिया गया तो 10 मिनट के भीतर उनकी मौत हो जाएगी। डॉक्टरों ने ये भी कहा था कि आईसीयू में उन्होंने अपनी आंखें नहीं खोली थीं और उनका ब्लड प्रेशर भी बहुत कम हो गया था।

### मुर्दा समझ अंतिम संस्कार हो गई थी तैयारी

परिवार ने बताया कि डॉक्टरों ने कहा था कि घर ले जाने के क्रम में बिना वेंटिलेटर के साधारण एम्बुलेंस में पांच घंटे से अधिक की यात्रा में उनके बचने की संभावना नहीं है। रिश्तेदारों ने बताया कि यात्रा के दौरान पवित्रन का शरीर गतिहीन रहा और उसमें जीवन के कोई लक्षण नहीं दिखे। पवित्रन की पत्नी और बहन एम्बुलेंस में उसके साथ थीं, जबकि अन्य रिश्तेदार कार में उनके पीछे-पीछे आ रहे थे। रात में घर पहुंचने पर परिजनों ने उसके शव को एकेजी अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया और मंगलवार के लिए अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी।

### जिन्दा हो गया शख्स और आंखें खोलकर देखने लगा

अस्पताल के अटेंडेंट जयन और इलेक्ट्रीशियन अनूप ने बताया कि हमने देखा कि उस मुर्दा कहे जाने वाले व्यक्ति की उंगलियां हिल रही हैं। हमने तुरंत रिश्तेदारों और चिकित्सकों को सूचित किया। जब मरीज का रक्तचाप जांचा गया तो वह सामान्य पाया गया। एकेजी मेमोरियल अस्पताल के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि पवित्रन अभी भी आईसीयू में है और उपचार पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया, जब उसका नाम पुकारा जाता है तो वह अपनी आंखें खोलकर लोगों की ओर देखता है। हालांकि उसकी हालत गंभीर बनी हुई है, लेकिन वह ठीक से प्रतिक्रिया दे रहा है।

## पीएम मोदी ने नौसेना को सौंपे 3 युद्धपोत



**मुंबई,15 जनवरी 2025 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तीन अग्रणी युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। मैं हर उस बहादुर सैनिक को सलाम करता हूं जिन्होंने हमारे देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। मैं उन सभी साहसी नायकों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं जो मां भारती की रक्षा में डटे हुए हैं।आज का दिन भारत की समुद्री विरासत, नौसेना के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत मिशन के लिए भी महत्वपूर्ण दिन है।

## संपादकीय

### पूर्वोत्तर की चिंताओं पर केन्द्र को गौर करना चाहिए

केंद्र को पूर्वोत्तर की चिंताओं पर गौर करना चाहिए। उचित यह होगा कि चीन से इस मुद्दे पर सीधी बात की जाए। चीन भी नदी जल बंटवारे संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधियों से बंधा हुआ है। उससे इस बारे में ठोस आश्वासन मांगा जाना चाहिए।चीन के ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने के एलान से पूर्वोत्तर भारत, और यहां तक कि बांग्लादेश में भी चिंता पैदा हुई है। आशंका है कि कभी हादसा होने से बांध टूटा, तो पूरा पूर्वोत्तर डूब जाएगा।साथ ही तनाव के हालात में चीन ब्रह्मपुत्र पानी भी रोक सकता है। ब्रह्मपुत्र नदी चीन में यारलुंग सांगपो नाम से जानी जाती है। अरुणाचल प्रदेश में इसे सियांग नाम से जाना जाता है।असम पहुंचने पर उसका नाम ब्रह्मपुत्र हो जाता है। ब्रह्मपुत्र की कुल लंबाई करीब 2,880 किलोमीटर है। इसका 1,625 किलोमीटर हिस्सा चीन के तिब्बत में है।भारत में 918 और बांग्लादेश में 337 किमी इलाके में ये नदी बहती है। पर्यावरणविदों ने ध्यान दिलाया है कि चीन की ओर से अतिरिक्त पानी छोड़ने की वजह से हाल के वर्षों में अरुणाचल में तीन बार भयावह बाढ़ आ चुकी है।इसके अलावा इलाके में पहले कई अन्य प्राकृतिक आपदाएं हो चुकी हैं। वर्ष 2000 में यारलुंग सांगपो की सहायक नदी ईगोंग सांगपो में भूकंप के कारण बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ था।इससे अरुणाचल प्रदेश और असम में भयावह बाढ़ आई, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हुआ। ऐसी घटनाएं बाद में भी हुई हैं। इस कारण ताजा खबर आने के बाद से पूरे इलाके में चिंता गहराने की खबरें हैं।अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि चीन बीते कई वर्षों से अरुणाचल से सटे सीमावर्ती इलाकों में बड़े पैमाने पर आधारभूत ढांचे का निर्माण कर रहा है।उन्होंने इस मुद्दे पर बातचीत की जरूरत बताई। केंद्र सरकार को ऐसी चिंताओं पर तुरंत गौर करना चाहिए। अब चूंकि चीन से द्विपक्षीय वार्ता फिर शुरू हो चुकी है, इसलिए उचित यह होगा कि चीन से इस मुद्दे पर सीधी बात की जाए।चीन भी नदी जल बंटवारे संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधियों से बंधा हुआ है। उससे इस बारे में ठोस आश्वासन मांगा जाना चाहिए।भारत सरकार के लिए उचित होगा कि वह अंतरराष्ट्रीय संधियों के उपयुक्त प्रावधानों का उल्लेख इस सिलसिले में करे। संभव हो, तो बांग्लादेश को भी शामिल कर त्रिपक्षीय वार्ता के लिए पहल की जानी चाहिए।

# महिला सशक्तिकरण की दौड़ जीतती भारतीय रेलवे



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

### पुरुषों के गढ़ तोड़ने वाली प्रथम महिलाओं को पहचानने की आवश्यकता

कैबिनेट द्वारा स्वीकृत नियुक्तियों के नवीनतम दौर के साथ पहली बार रेलवे बोर्ड में महिलाएँ ड्राइवर की सीट पर हैं। कांच की छत को तोड़ते हुए, रेलवे बोर्ड का नेतृत्व पहले से ही एक महिला द्वारा किया जा रहा है, अब संचालन और व्यवसाय विकास के प्रभारी एक महिला सदस्य हैं और उसी रैंक की एक अन्य महिला सदस्य वित्त सदस्य के रूप में वित्त की देखभाल करती हैं। महिला सशक्तिकरण को प्रेरित करने के एक अन्य तरीके में, भारतीय रेलवे ने एक पूरी ट्रेन और रेलवे स्टेशन महिलाओं को समर्पित करना शुरू किया। मणिनगर रेलवे स्टेशन (गुजरात) और माटुंगा रोड स्टेशन (मुंबई, महाराष्ट्र) का प्रबंधन महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। महाराष्ट्र के नागपुर में स्थित अजनी रेलवे स्टेशन की सफाई, ट्रैक की खराबी का पता लगाने और उनकी मरम्मत के लिए महिला ट्रैक मेंटेनर काम करती हैं।

महिलाओं का सशक्तिकरण शायद 20वीं सदी के बाद से सबसे ज़्यादा परिभाषित करने वाला आंदोलन है। हम ऐसी महिलाओं की प्रेरक कहानियाँ सुनते हैं जिन्होंने पुरुष-प्रधान भूमिकाओं में अपनी छाप छोड़ी है, जैसे सार्वजनिक जीवन और सरकार में, उद्योग के कप्तान के रूप में और खेल में। आज जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएँ अग्रणी हैं और हर बीतते साल के साथ उनकी संख्या बढ़ती जा रही है और फिर भी, भारतीय रेलवे के कर्मचारियों में केवल 6-7 प्रतिशत महिलाएँ हैं। आज संख्या चाहे जो भी हो, पुरुष-प्रधान क्षेत्रों की उथल-पुथल में क़दम रखने वाली प्रथम महिलाओं को पहचाने जाने की आवश्यकता है। वे अग्रणी, साहसी थीं और इस नए क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए उनमें अपार साहस था। 19वीं शताब्दी में घर से बाहर काम करना महिलाओं के लिए बुरा माना जाता था- पुरुष कर्मचारी प्रतिस्पर्धा से डरते थे, जबकि मध्यम वर्ग की महिलाएँ गृहिणी और शिक्षिका के रूप में पहचान चाहती थीं। न ही पुरुषों और महिलाओं को एक ही परिसर में मिलाना उचित माना जाता था। सामाजिक रीति-रिवाज सख्त थे और लिंग भेद आदर्श था। लेकिन जैसे-जैसे रेलमार्गों का विस्तार हुआ, श्रमिकों की मांग बढ़ी। रेल कंपनियों द्वारा नियोजित पहली महिलाएँ रेल कर्मचारियों की बेसहारा विधवाएँ थीं। प्रबंधकों ने उन्हें वेतनभोगी रोजगार की पेशकश की-हालाँकि पूरी तरह से दया से नहीं, क्योंकि वे अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में काफ़ी कम कमाती थीं। जया चौहान 1984 बैच के भाग के रूप में रेलवे



सुरक्षा बल में पहली महिला अधिकारी थीं। शुरुआत में एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में काम करते हुए, मातृभूमि की सेवा करने और अप्राप्त गढ़ों की खोज करने के उनके जुनून ने उन्हें उस आरामदायक नौकरी को छोड़ने और कूदने के लिए मजबूर किया। रेलवे की पुलिसिंग में जया ने न केवल रेलवे में अच्छा प्रदर्शन किया, बल्कि देश में अर्धसैनिक बलों में पहली महिला महानिरीक्षक भी बनीं। 1981 बैच के रेल उम्मीदवारों में से, एम. कलावती को भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियर्स सेवा की पहली महिला सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। वह वर्तमान में दक्षिणी रेलवे जोन में मुख्य सिग्नल इंजीनियर के रूप में काम करती हैं। रेलवे सेवाओं में शामिल होने से पहले, 1988 में, कल्याणी चड्ढा ने जमालपुर में 1983 बैच के विशेष श्रेणी अपरेंटिस में भारतीय रेलवे मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग संस्थान में चार साल बिताए। कल्याणी के नेतृत्व में 13 महिलाएँ हैं जो अब सेवा में हैं और 10 और जो जमालपुर में प्रशिक्षुता कर रही हैं। मंजू गुप्ता, जो वर्तमान में बीकानेर डिवीजन के डिवीजनल रेल मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं 1998 बैच की मोना श्रीवास्तव भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा में शामिल होने वाली पहली महिला सदस्य थीं, जो तब तक केवल पुरुषों के लिए थी। इस सदी की शुरुआत में ही, यानी 2002 में, 1967 बैच की सदस्य विजयलक्ष्मी विश्वनाथन भारतीय रेलवे बोर्ड के वित्त आयुक्त के पद पर पहुँचीं। विजयलक्ष्मी 1990 के दशक के अंत में भारतीय रेलवे में पहली महिला मंडल रेल प्रबंधक भी थीं। लगभग दो दशक बाद, जब पद्माक्षी रहेजा को भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 1974 बैच के सदस्य के रूप में चुना गया, तब पुरुषों के अगले गढ़ को तोड़ने में महिला का हाथ था। अगले पाँच वर्षों तक पद्माक्षी आईआरटीएस में एकमात्र महिला थीं। भारत की अटूट और अमर भावना और इसकी स्वतंत्रता के 75 वर्षों का जश्न। मंजू गुप्ता, जो वर्तमान में बीकानेर डिवीजन की डिवीजनल रेल मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं, भारतीय रेलवे इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स की पहली महिला सदस्य थीं। उनके शामिल होने के बाद, 14 और महिलाओं ने मंजू के उदाहरण का अनुसरण किया और भारतीय रेलवे इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स में प्रवेश किया।1998 बैच की मोना श्रीवास्तव भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा में शामिल होने वाली पहली महिला सदस्य थीं, जो तब तक सभी पुरुषों के लिए थी। यह इस सदी की शुरुआत में ही था, यानी 2002 में, 1967 बैच की सदस्य विजयलक्ष्मी विश्वनाथन ने भारतीय रेलवे बोर्ड के वित्त आयुक्त के पद पर जगह बनाई। विजयलक्ष्मी 1990 के दशक के अंत में भारतीय रेलवे में पहली महिला डिवीजनल रेल मैनेजर भी थीं। पद्माक्षी रहेजा को भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 1974 बैच के सदस्य के रूप में चुने जाने पर अगले पुरुष गढ़ को तोड़ने में लगभग दो दशक लग गए। अगले पांच वर्षों तक पद्माक्षी आईआरटीएस में एकमात्र महिला थीं।भारतीय रेलवे के लिए एक रिकॉर्ड यह है कि राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर के शीर्ष निर्णय लेने वाले निकाय रेलवे बोर्ड में अब महिलाएँ बहुमत में हैं। कैबिनेट द्वारा स्वीकृत नियुक्तियों के नवीनतम दौर के साथ पहली बार रेलवे बोर्ड में महिलाएँ ड्राइवर की सीट पर हैं। कांच की छत को तोड़ते हुए, रेलवे बोर्ड का नेतृत्व पहले से ही एक महिला द्वारा किया जा रहा है, अब संचालन और व्यवसाय विकास के प्रभारी एक महिला सदस्य हैं और उसी रैंक की एक अन्य महिला सदस्य वित्त सदस्य के रूप में वित्त की देखभाल करती हैं। महिला सशक्तिकरण को प्रेरित करने के एक अन्य तरीके में, भारतीय रेलवे ने एक पूरी ट्रेन और रेलवे स्टेशन महिलाओं को समर्पित करना शुरू किया। मणिनगर रेलवे स्टेशन (गुजरात) और माटुंगा रोड स्टेशन (मुंबई, महाराष्ट्र) का प्रबंधन महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। महाराष्ट्र के नागपुर में स्थित अजनी रेलवे स्टेशन की सफाई, ट्रैक की खराबी का पता लगाने और उनकी मरम्मत के लिए महिला ट्रैक मेंटेनर काम करती हैं। इसके अलावा, भारतीय रेलवे में महिला नेताओं की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार ने मुंबई-अहमदाबाद शताब्दी एक्सप्रेस के लिए सभी महिला टीटीई नियुक्त की हैं। डेक्कन क्वीन एक्सप्रेस एक और ट्रेन है जिसे पूरी तरह महिलाओं की टीम चलाती है। देश में सबसे बड़ा नियोक्ता होने के नाते भारतीय रेलवे इस क्षेत्र में महिला कर्मचारियों और नेतृत्व को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है, लेकिन फिर भी, आंकड़े बताते हैं कि जनसंख्या में उनके अनुपात के अनुसार यह संख्या महत्वपूर्ण नहीं है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# आप के लिए चुनौतियां कठिन

दिल्ली विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। यहां मतदान 5 फरवरी को होगा और नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। वैसे चुनाव कार्यक्रम घोषित होने से काफी पहले ही चुनाव अभियान चरम पर पहुंच चुका था। 2014 के बाद दिल्ली की राजनीति आप बनाम भाजपा के बीच दो ध्रुवीय हो गई है। इसके पूर्व भाजपा और कांग्रेस ही मुख्य पार्टियां होती थीं। 2013 से कांग्रेस का पतन आरंभ हुआ और पिछले दो विधानसभा चुनाव से वह शून्य पर है। भाजपा भी 1998 से सत्ता से बाहर है। भाजपा सत्ता में आना चाहती है तो कांग्रेस भी दिल्ली की मुख्यधारा में वापसी की कोशिश में है।प्रश्न है कि क्या इस बार पिछले दो विधानसभा चुनावों से अलग परिणाम आएगा? क्या सत्ता परिवर्तित होगी? क्या दिल्ली की राजनीति तीन ध्रुवीय होगी? पिछले चुनाव तक कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की नीति किसी तरह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता में आने से रोकना था। इसके लिए वह हर तरह का समझौता कर रही थी। लोक सभा चुनाव में आप के साथ सीटों पर समझौता भी हुआ। कांग्रेस ने रणनीति बदली और वाकई दिल्ली में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। बावजूद कुछ समय पूर्व लगता था कि आप तीसरी बार एकपक्षीय जीत प्राप्त कर सकती है। चुनाव या किसी संघर्ष में प्रतिद्वंद्वी को पराजित करने का सबसे बड़ा सूत्र

आम आदमी पार्टी
Aam Aadmi Party

आक्रामक होना है यानी आक्रामक होकर प्रतिद्वंद्वी को उत्तर देने तक सीमित रख दीजिए।केजरीवाल ने लगातार ऐसी घोषणाएं कीं जिससे भाजपा के सामने उत्तर देने का विकल्प दिखता था। भाजपा और कांग्रेस, दोनों केजरीवाल की घोषणाओं का तथ्यात्मक खंडन करती रहीं, उनकी विसनीयता को भी अतीत के आधार पर प्रश्नों के घेरे में लाती रहीं लेकिन ऐसा नहीं था कि एजेंडा भाजपा तय कर रही हो।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव मैदान में उतरने तथा उम्मीदवारों की सूची जारी होने के साथ स्थिति बदलती दिख रही है। केजरीवाल की सबसे बड़ी ताकत मुफ्त की घोषणाएं रही हैं। इस बार उनका सबसे बड़ा दांव मंदिरों के पुजारियों और गुरु द्वारों के ग्रंथियों को 18 हजार रुपया मासिक वेतन देने की घोषणा है। इसके पहले महिला सम्मान योजना 2100 रुपया तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए निएवं सार्वजनिक अस्पतालों में निशुल्क उपचार की संजीवनी योजना घोषित की। इस समय मुस्लिम मतदाताओं की राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का समर्थन करने की प्रवृत्ति उभरी है। कांग्रेस की आक्रामकता देखकर आप को लग रहा है कि दिल्ली के 11-12 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता उसके पास गए तो समस्या बढ़ जाएगी। दूसरे, केजरीवाल को समझ आ गया है कि देश में हिन्दुत्व राजनीति का मुख्य निर्धारक विचारधारा के रूप में बना रहेगा। इसका ध्यान रखते हुए उन्होंने पुजारियों और ग्रंथियों के वेतन की घोषणा कर दी तथा भाजपा द्वारा प्रश्न उठाने के बाद कहा कि वह बताए कि इसके पक्ष में है या नहीं? वे पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन देना चाहते हैं, या नहीं? यह ऐसा प्रश्न था जिसका स्पष्ट उत्तर देना किसी भी पार्टी के लिए कठिन है।

-अवधेश कुमार-

# नई दिल्ली विधानसभा सीट पर फंस गए हैं केजरीवाल

### राहुल गांधी ने मदद से किया इनकार

***कांग्रेस के इस स्टैंड ने अरविंद केजरीवाल की विधायकी पर भी तलवार लटका दिया है। केजरीवाल को अब यह डर सताने लगा है कि अब वह अपनी विधानसभा सीट नई दिल्ली से भी चुनाव हार सकते हैं। केजरीवाल के इस डर के पीछे ठोस कारण है...***





आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल भले ही एक बार फिर से दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने के लिए चुनाव लड़ रहे हो लेकिन इस बार वह बुरी तरह से फंसते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस के मजबूती से दिल्ली में विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारियों ने तो आम आदमी पार्टी सरकार की वापसी पर प्रश्नचिन्ह लगा ही दिया है लेकिन इस त्रिकोणीय लड़ाई में केजरीवाल की अपनी सीट भी फंसती हुई नजर आ रही है

अरविंद केजरीवाल इस बात को काफी पहले ही समझ गए थे, इसलिए वह लगातार इंडिया गठबंधन की एकता की बात उठाने लग गए थे। यहां तक कि केजरीवाल ने डीएमके सुप्रीमो एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, शरद पवार, अखिलेश यादव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित कई नेताओं से राहुल गांधी को समझाने की गुहार भी लगाई। लेकिन अरविंद केजरीवाल की असलियत से वाकिफ राहुल गांधी ने यह साफ कर दिया कि कांग्रेस पार्टी दिल्ली में अपने आप को मजबूत करने के लिए चुनाव लड़ेगी। सीलमपुर की अपनी पहली चुनावी रैली में राहुल गांधी ने जिस अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ आप मुखिया अरविंद केजरीवाल, पर भी जमकर निशाना साधा,उससे यह साफ हो गया कि राहुल गांधी अपनी पार्टी को समाप्त कर केजरीवाल की मदद कतई नहीं करेंगे।

कांग्रेस के इस स्टैंड ने अरविंद केजरीवाल की विधायकी पर भी तलवार लटका दिया है। केजरीवाल को अब यह डर सताने लगा है कि अब वह अपनी विधानसभा सीट नई दिल्ली से भी चुनाव हार सकते हैं। केजरीवाल के इस डर के पीछे ठोस कारण है। अरविंद केजरीवाल वर्ष 2013 के अपने पहले विधानसभा चुनाव में दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव हराकर, पहले विधायक बने थे और फिर कांग्रेस के ही 8 विधायकों के समर्थन से पहली बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। बताया तो यहां तक जाता है कि 2013 में शीला दीक्षित को चुनाव हराने के लिए कांग्रेस के कई नेताओं ने भी अरविंद केजरीवाल की मदद की थी। लेकिन दिल्ली में पार्टी को फिर से मजबूत बनाने के मिशन में जुटे राहुल गांधी ने इस बार नई दिल्ली विधानसभा सीट से केजरीवाल के खिलाफ स्वर्गीय शीला दीक्षित के बेटे और पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को उतार कर लड़ाई को त्रिकोणीय और दिलचस्प बना दिया है।

अगर आप 2020 के विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल को मिले वोटों की तुलना 2015 के विधानसभा चुनाव से करेंगे तो आपको यह समझ आ जाएगा कि केजरीवाल को अपनी ही विधानसभा सीट पर डर क्यों लग रहा है ? वर्ष 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आप मुखिया अरविंद केजरीवाल को 57,213 वोट मिले थे। लेकिन वर्ष 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में दिल्ली के मुख्यमंत्री होने और कुल मतदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी होने के बावजूद केजरीवाल को मिले वोटों में भयानक गिरावट आ गई थी। 2015 के चुनाव में जिन केजरीवाल को 57,213 वोट मिले थे, उन्ही केजरीवाल को 2020 के चुनाव में 46,758 वोट ही मिल पाए थे। पिछली बार यानी 2020 के विधानसभा चुनाव में केजरीवाल की जीत का अंतर 21,697 था लेकिन उस चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार को सिर्फ 3,220 मत ही मिल पाए थे। इस बार शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं और अगर वह आखिर तक पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ पाते हैं तो फिर केजरीवाल के लिए मुसीबतें खड़ी हो जाएगी। क्योंकि इस बार दिल्ली के एक और पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे प्रवेश वर्मा भी नई दिल्ली से चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार के तौर पर प्रवेश वर्मा और कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर संदीप दीक्षित के मजबूती से चुनाव लड़ने की वजह से वोटों का बिखराव होगा,जिसका सीधा-सीधा नुकसान अरविंद केजरीवाल को ही होगा। इसलिए आम आदमी पार्टी के तमाम नेता और स्वयं अरविंद केजरीवाल भी अंदर से डरे हुए हैं।

-संतोष पाठक-

## कविता
## इख्तियार

घटती-घटना



जयंती खूंटे
चिल्हाटी,बिलासपुर
छत्तीसगढ़

तन्हा रहने का अच्छा बहाना भी कर लेते हो,
बस थोड़ी सी राहत के लिए हर किसी को
अजीज बना लेते हो।
छूपके से ही सही सभी से वफ़ा बेशुमार
फरमाते हो
फिर भी मुझ पर इख्तियार कि बात करते हो,
जानेमन तुम भी कमाल करते हो।
कभी जो दिल से मोहब्बत करो तो जानो की,
शब- ए- तन्हाई क्या होती है।
तुम तो समय का हवाला देकर,
हर किसी से घंटो गुफ्तगू करते हो।
फिर भी.
अब न तन्हा रहने का बहाना करना,
जो दिल में हैं साफ़- साफ़ कहना।
क्यू इतना तकल्लुफ खुद ही उठाते हो।
तुमको समझकर ज़िंदगी ए मेरे हमनवा,
हम अपनी दुनियां जला बैठे।
फिर भी
और तुम हर किसी से आशियाना बनाने की
बात करते हो।
तुम क्या किसी से इख्लास- ए- मोहब्बत करोगे
तुम तो हर रोज़ किसी न किसी पे दिल हारते हो।
तुम ये न समझना कि हम सहते हैं तो कमजोर है,
रिस्तो की कदर हमें अब भी है,
जुम्बिश दिल जलाने वाली करते हो
जाने तुम किस गलत फहमी में गुम रहते हो।
फिर भी.जानेमन तुम भी कमाल करते हो।

# सहकारिता:एक सतत और समावेशी वैश्विक भविष्य की कुंजी

हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) का वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024, सौ से अधिक देशों से आए वैश्विक नेताओं की एक सभा मात्र न होकर कहीं अधिक मायने रखता है; यह एक सतत एवं न्यायसंगत भविष्य को आकार देने में सहकारी समितियों के बढ़ते महत्व का प्रमाण है। सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ किया, जो एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है जिसका मूल उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यानाकर्षित कराना है। यह वर्ष वैश्विक, आर्थिक और सामाजिक विमर्श का वह महत्वपूर्ण अध्याय बन रहा है, जहाँ सहकारी समितियों को न केवल स्थानीय विकास के साधन बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में भी पहचान दी जा रही है। सहकारी मॉडल आस्तित्व में समुदायिक पर वैश्विक बदलाव के लिए तैयारसहकारी मॉडल के मूल में एक सरल लेकिन शक्तिशाली अवधारणा निहित है - परस्पर लाभ के लिए एक साथ काम करते लोग। सहकारिता सामूहिक स्वामित्व, साझा जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक निर्णय लेने पर जोर देती है। इन सिद्धांतों ने दुनिया भर में कृषि, स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सेवाओं से लेकर ऊर्जा उत्पादन तक उल्लेखनीय सफलताएँ दिलाई हैं। भारत में, सहकारी समितियाँ ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं । उदाहरण के लिए, अमूल ने न केवल भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना दिया है, बल्कि सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भरता और समृद्धि का प्रतीक भी बन गया है। अमूल जैसी डेयरियां उन सभी महिलाओं को सशक्त बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नेतृत्व वाले विकास का समर्थन करती हैं, जो महिलाएं व्यावसायिक दूध उत्पादक के लिए ऐसी समितियों से जुड़ी हुई हैं। अपने सहकारी मॉडल के माध्यम से ये सहकारी समितियाँ नेतृत्व की भूमिकाएँ, कौशल विकास और वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं, जिससे महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिलती है और अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका और मजबूत होती है।सहकारी मॉडल को बढ़ावा देने में भारत का नेतृत्वभारत ने लंबे समय से आर्थिक परिवर्तन और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में सहकारी समितियों के मूल्य को पहचाना है। नई दिल्ली में आयोजित आईसीए




वैश्विक सहकारी सम्मेलन के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति ने सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को उजागर किया है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के शुभारंभ के दौरान उनके संबोधन ने एक आत्मनिर्भर, समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सहकारिता की भूमिका को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण ने हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त बनाने की सहकारी क्षेत्र की क्षमता पर भी प्रकाश डाला, खासकर ग्रामीण भारत में, जहाँ सहकारी समितियाँ, कृषि और डेयरी फार्मिंग जैसे क्षेत्रों की रीढ़ बनी हुई हैं। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार ने सहकारी क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। सरकार द्वारा सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए लिए जा रहे कदम इस मान्यता को उजागर करते है कि सहकारी समितियाँ केवल अतीत की निशानी नहीं हैं, बल्कि समकालीन आर्थिक और सामाजिक विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं।सहकार से समृद्धि का विजन भारत के सहकारी क्षेत्र का आधुनिकीकरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन ने देश के सहकारी परिदृश्य को नया आयाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनके कुशल दिशानिर्देशों में, भारत एक आधुनिक सहकारी ढांचे की ओर बढ़ रहा है जो डिजिटल अर्थव्यवस्था की मांगों के अनुरूप है। सहकारी समितियों की पहुँच और प्रभावशीलता का विस्तार करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की प्रधानमंत्री और सहकारिता मंत्री की सोच तेसे डिजिटल होती दुनिया में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। सहकारी समितियों का भविष्य, बदलते समय के साथ इनके विकसित होने, और दक्षता में सुधार के लिए आधुनिक उपकरणों को समाहित करने की उनकी क्षमता में निहित है। वैश्विक एजेंडा- सहकारिता और सतत विकास लक्ष्यविश्व जब आर्थिक असमानता, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक अशांति से जूझ रहा है, तो सहकारिता, विकास के लिए एक वैकल्पिक मॉडल पेश करती है जोकि समावेशी, लोकतांत्रिक और लचीला है। सहकारी मॉडल का जोर एकजुटता, आपसी सहयोग और लोकतांत्रिक भागीदारी पर है, जो इसे प्रमुख वैश्विक समस्याओं को संबोधित करने के लिए अद्वितीय बनाता है। सहकारी समितियां वित्तीय लाभ से अधिक लोगों की प्राथमिकताओं पर जोर देती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आर्थिक गतिविधियों के लाभ और व्यापक रूप से वितरित हो सके, जिससे वंचित सशक्त बनें और सामाजिक अंतर को कम करने में मदद मिले। सहकारिता आंदोलन को सतत विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर भारत ने खुद को सतत और समावेशी विकास के लिए वैश्विक अधिवक्ता के रूप में स्थापित किया है। संक्षेप में, सहकारिता एक समावेशी और टिकाऊ वैश्विक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में एक अहम भूमिका निभाती है। आगे की राह- एक सहकारी भविष्यसहकारिता केवल एक आर्थिक उपकरण नहीं हैं - वह सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और पर्यावरणीय स्थिरता प्राप्त करने का एक शक्तिशाली साधन है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सहकार से समृद्धि' के विजन से ही 140 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश को एक बेहतर भविष्य दिया जा सकता है । एक ऐसी दुनिया बनाई जा सकती है जहाँ विकास को साझा किया जाता है, जहां असमानताएँ न्यून होती हैं और जहां समुदाय सहकार से सशक्त होकर जनमानस समृद्ध होते हैं।

-मुरलीधर मोहोल-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों को लेकर जिला भाजपा की कार्यशाला संपन्न

**» कार्यशाला में शामिल हुए वन मंत्री केदार कश्यप**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगर निकाय एवं पंचायत चुनावों को ले कर आज संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि केदार कश्यप कैबिनेट मंत्री छग शासन एवं मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे कार्यशाला में शामिल हुए तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि पार्टी ने सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी जिस भी प्रत्याशी को टिकट देगी, हमें संगठित होकर उस प्रत्याशी को विजयी बनाना है। पिछले चुनावों में पूर्व जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह के नेतृत्व की सराहना करते हुए जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भाजपा सरगुजा संगठन ने एकजुटता के साथ संघर्ष करके जिला के तीनो विधान सभा क्षेत्र और संसदीय क्षेत्र में कमल खिलाया है, और इसी समर्पण और जोश के साथ हमें आगे के नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों में सभी सीट पर विजय हासिल करना है। नगरीय निकाय और पंचायतों में जब हम जीत हासिल करेंगे तभी प्रदेश में भाजपा सरकार का होना सार्थक होगा। आगे उन्होंने आगामी चुनाव तैयारी की रूप रेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस ताक़त और मुस्तैदी के साथ हम सब ने यहाँ कमल खिलाया है उसी समन्वय के साथ काम करना है। संविधान गौरव अभियान विषय पर पूर्व जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने बताया कि गत चुनाव में जब भाजपा ने 400 पार का नारा दिया था तब कांग्रेसियों ने इसे ग़लत ढंग से प्रचार करने की कोशिश किया तथा भाजपा के भारी बहुमत आने का अर्थ कांग्रेसियों ने संविधान में छेड़ छाड़ होना बताया। उन्होंने भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के योगदानों पर चर्चा किया।




पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा भाजपा का नारा देते हुए ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नगरी निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर जोर-जोर से जुड़ चुकी है। हमारे पास बड़ा लक्ष्य है जिसे हमे मिल कर पूरा करना है।इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने के लिए निर्देशित किया और संगठन की रणनीति से अवगत कराया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि जनता कांग्रेस से नाराज है। लेकिन हमें चुनाव को हल्के में नहीं लेना है पूरी तैयारी के साथ, अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार अभियान को तेज करना है। हमें अपनी तरफ से भी पूरी तैयारी करनी चाहिए। निश्चित तौर पर इसका लाभ भाजपा को मिलेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर ने जीत के लिए सभी कार्यकर्ताओं को कमर कस कर तैयार रहने को कहा।

इस अवसर पर मंच संचालन संतोष दास एवं आभार प्रदर्शन विनोद हर्ष ने किया।

कार्यशाला में अनुराग सिंह देव विधायक राजेश अग्रवाल प्रबोध मिंज विजय नाथ सिंह विश्व विजय तोमर कमलभान सिंह अभिमन्यु गुप्ता अंबिकेश केसरी प्रशांत शंकर त्रिपाठी देवनाथ पैंकरा अभिषेक शर्मा मुरारी लाल बंसल आलोक दुबे विद्यानंद मिश्रा किरण मिश्रा रविंद्र तिवारी मनोज कंसारी कमलेश तिवारी फूलेश्वरी सिंह अरुणा सिंह डीके पुरिया रूपेश दुबे मंजूसा भगत जन्मदिन मिश्रा अखंड विधायक प्रबोध सिंह दिनेश बारी रवि महंत आशीष गुप्ता श्री राम यादव संजय गुप्ता सतीश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।




क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले सटोरियों के ठिकाने पर सोमवार की रात कोतवाली पुलिस ने दबिश दी थी। पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। वहीं मुख्य आरोपी फरार हो गया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि शहर में चल रहे सट्टेबाजी का मुख्य आरोपी सुधीर गुप्ता अपने निवास में लुक छिपकर रह रहा है। पुलिस टीम ने मामले में मुख्य मास्टरमाइंड आरोपी सुधीर गुप्ता की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया। आरोपी द्वारा अपना नाम सुधीर गुप्ता आत्मज रामलखन गुप्ता 38 वर्ष निवासी सदर रोड़ सरगुजा साईकल स्टोर के पास अंबिकापुर का होना बताया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से प्रकरण में जप्त अलग-अलग धारकों का एटीएम, पासबुक, चेक बुक, मोबाइल सीम, आधार कार्ड की मूल प्रति व छायाप्रति के सम्बन्ध में पूछताछ किये जाने पर पूर्व मे गिरफ्तार आरोपियों के साथ मिलकर ऑनलाईन सट्टा खेलने व खेलवाने का काम करना सहित अवैध धन के आदान प्रदान हेतु फर्जी खाता खोलवाकर आपराधिक षडयंत्र करने का अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7, 8 एवं 336(3), 338, 61(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

बता दें आरोपी सुधीर गुप्ता के घर से जप्त विभिन्न बैंको का एटीएम कार्ड 234 नग, विभिन्न कंपनी का केवल सिम 77 नग, विभिन्न बैंकों का चेक बुक 78 नग, विभिन्न कम्पनी का मोबाईल सिम लगा 73 नग, विभिन्न बैंकों का पास बुक 81 नग, विभिन्न यूपीआई का बार कोड स्कैनर 08 नग, में से अभी तब 30 बैंक खातों का संबंधित बैंकों से जानकारी प्राप्त करने पर लगभग 15 करोड़ रूपये का ऑनलाईन ट्राजेक्शन किया जाना पाया गया है एवं अन्य बैंकों से जानकारी अप्राप्त है। प्रकरण में आरोपीगण द्वारा उक्त बैंक खातों के माध्यम से बड़े पैमाने पर ऑनलाईन सट्टा के माध्यम से करोडो रूपये का लेन देन किया जाना पाया गया है।

# भारत मौसम विज्ञान विभाग की 150 वें वर्षगांठ पर हुए दो दिवसीय कार्यक्रम

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

14 एवं 15 जनवरी को भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना के 150वें वर्षगांठ के अवसर पर मौसम कार्यालय अंबिकापुर में कार्यक्रम का आयोजित किए गया। 15 जनवरी को सुबह 11 बजे लीला थॉमस, प्राचार्या स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, सोहगा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मौसम कार्यालय अंबिकापुर के प्रभारी अधिकारी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, सोहगा के उच्चतर माध्यमिक कक्षा के विज्ञान संकाय के विद्यार्थी भी उपस्थित थे। जिन्हें विभागीय महत्व, क्रियाकलाप, स्थानीय कार्यालय एवं अन्य वेधशालाओं में प्रेषण संबंधी मौसमी तत्वों की जानकारी मौसम विभाग के अधिकारियों द्वारा वृहद रूप से दिया गया। आने वाले अन्य अतिथियों को भी मौसम वेधशाला कार्यप्रणाली एवं उपकरणों की जानकारी प्रदान की गई।




इस अवसर पर कार्यालय में 5 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 11 से 15 जनवरी तक हुआ। जिसके अंतर्गत स्वच्छता अभियान, मां के नाम एक पेड, खेलकूद, योगा, विद्यार्थियों द्वारा मौसमी उपकरणों का अवलोकन हुआ।

# आजादी के बाद से ओबीसी वर्ग के लोगों का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से हो रहा शोषण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

ओबीसी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष व सरगुजा संभाग प्रभारी परशुराम सोनी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से ओबीसी वर्ग के लोगों का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से शोषण हुआ है। 1993 में आरक्षण मिलने के बाद भी उनकी स्थिति यथावत है। पूर्ववर्ती सरकार ने ओबीसी समुदाय के लोगों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया था, जो राज्यपाल के पास लंबित है। देश में डबल इंजन की सरकार है,लेकिन ओबीसी वर्ग के लोगों पर किसी का ध्यान नहीं है। सरकार इस वर्ग के लोगों को न्याय से वंचित करने में लगी है। उनकी मांग है कि ओबीसी वर्ग के लोगों को दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति से उबारने के लिए एसटी-एससी वर्ग की तरह आरक्षण दिया जाए, ताकि वे अपने जीवनशैली में बदलाव ला सकें। अगर उनकी बातों को सरकार ने अनसुना किया तो वे धरना-प्रदर्शन, चक्काजाम करके अपनी बातों की ओर सरकार का ध्यान दिलाएंगे। इसके बाद ाी बता नहीं बनी तो उनके पास अंतिम विकल्प चुनाव को प्रभावित करने का होगा, वे आने वाले चुनाव का बहिष्कार करेंगे। पूर्व में उनके द्वारा सरकार तक पहुंच कर और प्रशासन के माध्यम से कई बार ज्ञापन सौंपकर सं या के अनुरूप उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का कई बार आग्रह किया है, लेकिन इसे नजरअंदाज करने का काम सरकार कर रही है। भाजपा प्रेसवार्ता करके इस मसले पर कानून का दुहाई देने में लगी है और उन्हें उपेक्षित किया जा रहा है। सरकार अध्यादेश जारी करके ओबीसी का आरक्षण छीन रही है, जो समाज के साथ अन्याय है। परशुराम सोनी ने आरोप लगाया कि जब मु यमंत्री बैठक ले रहे थे, तो कैबिनेट मंत्रियों ने ओबीसी वर्ग के हित में कुछ बोलना भी उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा कि अगर आरक्षण की प्रक्रिया को पूर्ण करने में किसी प्रकार का अवरोध है, तो इसका दलगत राजनीति से दूर सभी दलों के साथ बैठकर समाधान निकालना चाहिए। पत्रकारों से चर्चा के दौरान ओबीसी महासभा के प्रदेश सचिव सुभाषचंद्र साहू, जिला अध्यक्ष सोनी समाज कृष्णा कुमार सोनी, कुन्दन सोनी, राजू राजवाड़े, सुमर दास, इन्दु कश्यप, रश्मि सोनी, ममता सोनी, मालती यादव उपस्थित थे।




# अमेरिका के डॉक्टर दोस्त ने भेजा था गिफ्ट, कोरियर सर्विस के नाम पर 78 लाख 38 हजार की ठगी

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

अमेरिका के डॉक्टर मित्र द्वारा भेजे गए गिफ्ट पाने के चक्कर में लखनपुर थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने 78 लाख 38 हजार रुपए ठगी का शिकार हो गया। वह मामले की रिपोर्ट साइबर सेल थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रामाज्ञा सिंह उम्र 51 वर्ष लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कंवरा का रहने वाला है। वह साइबर सेल थाना अंबिकापुर में रिपोर्ट दर्ज कराया है। वह रिपोर्ट में बताया है कि जून 2024 में इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से डक्टर मतिल्दा हैरिसन युनाईटेड किंगडम यू के (युनाईटेड स्टेट ऑफ अमेरिका) दोस्ती हुई थी। डक्टर ने अपने सर्विस के छठवें वर्ष के पूरे होने के खुशी में यूके से गिफ्ट भेजा, गिफ्ट में आई फोन-14, टी शर्ट, परफ्यूम के अलावा गिफ्ट बॉक्स में विदेशी मुद्रा बताकर भेजा गया। व्हाट्सअप मैसेज में बताया कि आप सामाग्री का लोकल स्थानीय ट्रांस्पोटिंग चार्जेस जमा कर सामान प्राप्त कर लेना। गिफ्ट बक्स में कुछ विदेशी मुद्रा भी रखी हुई है जिसे उपयोग कर लेना। इसके बाद कोरियर सर्विस मैनेजर द्वारा फोन से बताया कि आपका सामग्री आया हुआ है। जिन्होंने डिलेवरी चार्जेस के रूप में कई बार में डिक्लिरियेशन सर्टिफिकेट, कन्फर्म सर्टिफिकेट, मनीटरी फण्ड, इन्कम टेक्स सर्विस, इन्सोरेंन्स सर्विस चार्ज जैसे विभिन्न चार्ज बताकर रुपए की मांग की गई। इधर रामाज्ञा सिंह विदेशी गिफ्ट व मुद्रा पाने के चक्कर में दिनांक 17 जुलाई 2024 से दिनांक 29 अक्टूबर 2024 तक कोरियर सर्विस मैनेजर दीपक शर्मा द्वारा दिए गए विभिन्न खाता नंबर में ऑनलाईन एवं कैश (नगद) कुल 78 लाख 37 हजार 999 रुपए कई बार में डाल दिया। 78 लाख 37 हजार 999 रुपए गवांने पर जब उसे ठगी का एहसास हुआ तो घटना के ढाई माह बाद मामले की रिपोर्ट साइबर रेंज थाना अंबिकापुर में दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 66 (डी), 3 (5), 318(4) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



# होलीक्रस की छात्रा अपूर्वा दीक्षित राज्य युवा महोत्सव में कविता में प्रथम

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय द्वारा रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में स्थानीय होलीक्रास वींमेंस कालेज की छात्राओं ने सामूहिक लोकगीत,कविता लेखन,तात्कालिक भाषण,विज्ञान मेला, हस्तशिल्प सहित कुल पांच विधाओं में सहभागिता की। बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा नवोदित रचनाकार अपूर्वा दीक्षित ने स्वरचित कविता गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का एवं महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।अपूर्वा को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने पांच हजार की राशि ,स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्य डा सिस्टर शांता जोसेफ और महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने अपूर्वा की इस बड़ी सफलता पर बधाई दी है। टीम के साथ नेहा विश्वकर्मा एवं गमिता सहायक प्राध्यापक गृहविज्ञान ने सहयोग किया।देश की ख्यात कवि कुमार विश्वास ने राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में शामिल होकर सबका उत्साहवर्धन किया है। राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने सरगुजा की छात्रा, नवोदित रचनाकार अपूर्वा दीक्षित को कुमार विश्वास से मुलाकात कराई।कुमार विश्वास ने अपूर्वा की रचनाओं को नई विधा की रचना बताया है। युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर ने अपूर्वा दीक्षित की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे नए रचनाकार छत्तीसगढ़ के रत्न हैं। छत्तीसगढ़ के साथ सरगुजा संभाग को भी इस पर गर्व है।



# स्कूटी-बाइक की टक्कर में घायल वृद्ध की इलाज दौरान मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

मोटरसायकल व स्कूटी की भिड़ंत में वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया बिजुरी मध्य प्रदेश के ग्राम पिपरिया का रामदयाल गोड़ पिता स्व. ठाकुरदीन 60 वर्ष 10 जनवरी को ग्राम रोझी से अपने मोटरसायकल में घर आने के लिए निकला था। ग्राम रोझी में ही स्कूटी क्रमांक सीजी 16 सीओ 0581 से हुई टक्कर में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। गंभीर स्थिति में वृद्ध को केल्हारी स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, यहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद रेफर करने पर स्वजन उसे बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराए थे। स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने वृद्ध को यहां से भी रेफर कर दिया। इलाज के दौरान बुधवार को सुबह वह दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।




# सूरजपुर पुलिस व परिवहन विभाग के द्वारा की गई स्कूली बसों चेकिंग

- संवाददाता -
सूरजपुर, 15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

स्कूली छात्र छात्राओं के सुरक्षित आवागमन को ध्यान में रखते हुए उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने स्कूली बसों की सुरक्षा इंतजाम को पुख्ता करने के निर्देश दिए है। बुधवार, 15 जनवरी 2025 को स्कूली छात्र छात्राओं के सुरक्षित लेकर यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से स्कूल बस का जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूलों के बच्चों को परिवहन करने वाले 16 बसों का जांच किया गया है। जांच शिविर के दौरान सर्व प्रथम वाहनों का रजिस्ट्रेशन चेक किया गया तत्पश्चात स्कूल बसों के दस्तावेजो की जांच की गई। जांच के दौरान वाहन का रजिस्टेशन, परमिट, फिटनेश, बीमा, पीयूसी, रोड टैक्स, वाहन चालक का लायसेंस चेक किया गया।







शिविर में स्कूली बसों का मैकनिकल फिटनेश जांच किया गया जिसके अंतर्गत हेड लाईट, ब्रेक लाईट, पार्किंग लाईट, इन्डिकेटर लाईट, बैक लाईट, मीटर, स्टेरिंग की स्थिति, टायर की स्थिति, क्लच, ऐक्सीलेटर, सीट की स्थिति, हॉर्न की स्थिति, वॉयपर एवं वाहन में आगे पीछे रिफ्लेक्टर लगा है कि नहीं चेक किया गया। चेंकिग के क्रम में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप जैसे वाहन में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरा, स्पीड गर्वनर, प्रेर्शर हार्न, आपातकालीन खिडकी, स्कूल का नाम, टेलीफोन नंबर, चालक का मोबाईल नंबर, फर्स्ट ऐड बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र, स्कूल बस के आगे पीछे स्कूल बस लिखा है की नहीं चेक किया गया। इस दौरान यातायात पुलिस के द्वारा स्कूल बस के चालकों को यातायात संकेत, यातायात सिग्नल के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए वाहन चालन के दौरान लापरवाही न करने, कंडक्टर के द्वारा दरवाजे पर खड़ा ना रहने, स्कूल बच्चे को सुरक्षित उतारने चढ़ाने, नियंत्रित गति में सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने एवं किसी भी प्रकार का नशीली पदार्थ का सेवन ना करने हेतु समझाइश दिया गया। इस दौरान आरटीओ निरीक्षक मोहम्मद आबिद खान, एएसआई बृजकिशोर पाण्डेय व उनकी टीम सक्रिय रहे।

ड्राईवरों के ऑखों की गई जांच। स्कूली बस चेकिंग के दौरान उपस्थित 16 स्कूली वाहन चालकों के आंखों की जांच नेत्र सहायक मुकेश राजवाड़े के द्वारा किया गया। कुछ चालकों के पास-दूर देखने की समस्या पर चश्मा लगाने की समझाईश देते हुए दवाई उपलब्ध कराया गया।



# अग्निकांड पर दुश्मनी भुलाकर ईरान ने की मदद की पेशकश,क्या आग के बहाने बढ़ेगी रिश्तों में करीबी ?

नई दिल्ली,15 जनवरी 2025। अमेरिका के कैलिफोर्निया स्टेट के लॉस एंजेलिस में धधकी रही आग बुझने का नाम नहीं ले रही है। इस आग से अमेरिका को काफी नुकसान हुआ है। इसी बीच अमेरिका में भीषण अग्निकांड के बाद कई देशों ने अमेरिका को मदद की पेशकश की है। मदद करने वाले देशों में अमेरिका का सबसे बड़ा दुश्मन ईरान भी शामिल है। अग्निकांड की विभीषिका का देखते हुए ईरान ने दुश्मनी भुलाकर अमेरिका को मदद के लिए हाथ बढ़ाया है।

तेहरान सरकर ने खासतौर पर लॉस् एंजेलिस में आग से प्रभावितों के लिए मानवीय सहायता और फायर फाइटर्स के साथ ही अन्य सहायता भेजने की पेशकश की है। स्पेननिश मीडिया–द डिप्लोमेट इन स्पेन के मुताबिक स्पेन में ईरानी दूतावास ने बताया कि ईरान ने सहायता के लिए अमेरिका के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। ईरान की सरकार के प्रवक्ता ने इस संबंध में बताया कि तेहरान सरकार ने आग बुझाने के लिए तुरंत सहायता भेजने की इच्छा जताई है।

### कई देशों से मिल रही आग बुझाने के लिए मदद

लॉस एंजेलिस की आग अभी भी बुझने का नाम नहीं ले रही है। आग के इस तांडव से अब तक 25 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। वहीं 12 हजार से अधिक इमारतें जलकर खाक हो चुकी हैं। लाखों लोग अग्निकांड से प्रभावित होकर विस्थापित हो गए हैं। 40 हजार से ज्यादा एकड़ जमीन आग से झुलस गई है।

इस आग से निपटने के लिए अमेरिका भरसक कोशिशें कर रहा है। इसी बीच अमेरिका की मदद के लिए कई देशों ने हाथ आगे बढ़ाया है। इनमें कनाडा, मैक्सिको, यूक्रेन जैसे देश भी शामिल हैं। इस लिस्ट में अमेरिका का एक दुश्मन भी शामिल हो गया है।

अग्निकांड पर ईरान ने जताया दुख

पड़ोसी देश कनाडा और मैक्सिको ने एयर टैंकर्स और फायर ब्रिगेड की कई टीमें अमेरिका भेजी हैं। वहीं अब दुश्मनी भुलाकर ईरान ने अमेरिका को मदद की पेशकश की है। ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी यानी IRCS द्वारा मदद की पेशकश की गई। स्पेनिश मीडिया के अनुसार IRCS हेड पीरहुसैन कोलीवंद ने अमेरिकी रेड क्रॉस के CEO क्लिफ होल्ज को इस संबंध में संदेश भेजा। यही नहीं, इस विभीषिका के लिए ईरान की ओर से अमेरिका के प्रति दुख भी जताया गया है।





### क्यों खास है ईरान की ओर से मदद की पेशकश?

ईरान की ओर से अमेरिका को मदद की पेशकश इसलिए भी खास है, क्योंकि इजरायल और हमास युद्ध और हिजबुल्लाह व इजराइल के बीच तनातनी के दौर में इजरायल के साथ ही अमेरिका ईरान का सबसे बड़ा दुश्मन बन गया है। ऐसे समय में ईरान ने अमेरिका में आग का तांडव देखते हुए दुश्मनी भुलकर अपनी ओर से मदद का हाथ आगे बढ़ाया है।

### ईरान की मदद की पेशकश पर यूएस की ओर से क्या रिएक्शन?

ईरानी रेड क्रिसेंट सोसायटी यानी ढ्ढक्रष्टस् ने बताया कि अमेरिकी रेडक्रॉस सोसायटी ने कथिततौर पर ईरान से कहा कि उसे मानवीय संसाधनों की उतनी जरूरत नहीं, लेकिन मुस्लिम देश यदि आग से निपटने के लिए वित्तीय मदद की पेशकश करे तो हाथ आगे बढ़ाकर सहायता सकते हैं। यह टिप्पणी IRCS प्रमुख पिरहोसिन कोलीवंड ने की है।

### अमेरिका और ईरान के बीच दुश्मनी क्या है इतिहास ?

अमेरिका और ईरान की दुश्मनी का इतिहास हाल के दशक का नहीं है। इसके पीछे लंबा इतिहास है। ईरान और अमेरिका के कूटनीतिक और रणनीतिक संबंध 19 वीं सदी के अंत में शुरू हुए।

अमेरिका से यह राजनयिक संबंध 19वीं सदी में तब प्रारंभ हुए, जब ईरान ने ब्रिटिश और रूसी दबाव का मुकाबला करने की कोशिश की। तब अमेरिका ने मदद की। अमेरिका ईरान में आधुनिकीकरण का समर्थक था।

तेल के पीछे अमेरिका और यूरोपीय देशा ने खेल कर दिया। 1953 में ब्रिटेन और यूएस ने ईरान के तत्कालीन पीएम मो. मोसादेग का तख्तापलट कर दिया और रजा पहलवी को गद्दी पर बैठा दिया था। तब से ईरानियों में यूएस के प्रति आक्रोश फैल गया।

### इस्लामकि क्रांति ने हमेशा के लिए पैदा कर दी दुश्मनी

फिर 1979 में इस्लामी क्रांति हुई, तब अमेरिका परस्त शाह को सत्ता से अपदस्थ ?कर दिया गया, तब उन्हें अमेरिका ने पनाह दी। विरोधस्वरूपी ईरान में अमेरिकी दूतावास पर अटैक हुआ। 50 से अधिक अमेरिकियों को बंधक बना लिया गया था।

इस घटना ने ईरान और अमेरिका के बीच दुश्मनी की खाई और बढ़ा दी व ईरान हमेशा के लिए यूएस का दुश्मन बन गया। उस समय ईरान के शीर्ष लीडर अयातुल्ला खुमैनी यूएस को %शैतान% की संज्ञा दी थी।

1980 और 1990 के दशक के दौरान अमेरिका ने ईरान पर कई प्रतिबंध लगाए। खासकर ईरान की परमाणु शक्ति बनने की महत्वकांक्षाओं को अमेरिका ने अपने प्रतिबंध से दबा दिया। ईरान अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अलग थलग होने लगा था।

# दक्षिण कोरिया में हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद राष्ट्रपति यून सुक योल गिरफ्तार, पुलिस और सुरक्षाकर्मियों में झड़प

- अपने आवास में छिपे थे यून सुक योल
- गिरफ्तारी की कोशिश कर रही थी एजेंसी
- सुरक्षाबलों से पहले भी हुई थी झड़प

सियोल, 15 जनवरी 2025। दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में राष्ट्रपति यून सुक योल के सुरक्षा गार्ड और कानून एजेंसियों के अधिकारी आमने-सामने आ गए। यह गतिरोध तब हुआ, जब जांच अधिकारी योल के आवास पर उन्हें गिरफ्तार करने गए थे।

पुलिस द्वारा योल को गिरफ्तार करने की यह दूसरी कोशिश थी। पहले भी सुरक्षा गार्डों ने उन्हें पूर्व राष्ट्रपति योल को गिरफ्तार करने से रोकने की कोशिश की थी। हालांकि गतिरोध के बावजूद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

### अपने आवास पर थे योल

योल अपने हन्नाम डोंग आवास पर पिछले कई हफ्तों से छिपे हुए थे। उन्हें पकड़ने के लिए हजार से ज्यादा जांचकर्ता और पुलिस अधिकारी तैनात किए गए थे। योल ने पिछले महीने दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ लगाने का एलान किया था।



### यून सुक योल की गिरफ्तारी

इसके बाद पूरे देश में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए थे। लोग सड़कों पर आ गए थे और विपक्ष ने संसद में घुसकर इसके खिलाफ वोटिंग की थी। बाद में योल ने इसके लिए माफी मांगी थी।

### रास्ते कर दिए ब्लॉक

हाई रैंक के भ्रष्टाचार जांच अधिकारी और पुलिस की संयुक्त टीम यह तय करने की कोशिश कर रही है कि 3 दिसंबर को देश पर थोपे गए मार्शल लॉ को क्या विद्रोह के प्रयास के बराबर माना जा सकता है।

यून को हिरासत में लेने के लिए कोर्ट द्वारा जारी आदेश के बावजूद, प्रेसिडेंशियल सिक्योरिटी सर्विस का कहना है कि पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा करना उनका दायित्व है। उन्होंने पूरे परिसर को कंटीले तारों से घेर दिया है और रास्तों को बसें खड़ी कर बंद कर दिया है।

मामला बढ़ने पर दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक लीडर और उप प्रधान मंत्री चोई सांग-मोक ने एक बयान जारी कर कहा कि प्रवर्तन एजेंसियां और प्रेसिडेंशियल सिक्योरिटी सर्विस यह सुनिश्चित करें कि शारीरिक झड़प न हो।

### आखिरकार मिली सफलता

गिरफ्तारी से पहले योल के आवास के बाहर कई पुलिस अधिकारी ब्लैक जैकेट पहने घूमते देखे गए। इनमें से कई पहाड़ी कंपाउंड में घूमकर आवास में दाखिल होने का रास्ता तलाश कर रहे थे।

अंत में कुछ पुलिस अधिकारियों को इसमें सफलता मिली। उन्होंने बसों पर सीढ़ियां लगाकर उन्हें पार कर लिया और किसी तरह आवास के अंदर दाखिल हो गए।

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत

- संवाददाता -

अम्बिकापुर, 15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

दो बाइकों की भिड़ंत में घायल सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम सुरता निवासी चमरू पोर्ते पिता तूलसाय 45 वर्ष की इलाज मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गांव के छत्तरधारी और शिवनारायण एक बाइक में सवार होकर ग्राम कोट से घर आ रहे थे, वहीं मृतक चमरू पोर्ते अलग बाइक में सवार होकर घर आने के लिए निकला था। इसी दौरान ग्राम केरता के बाइक सवार परमेश्वर नामक युवक से आमने-सामने हुई भिड़ंत में दोनों घायल हो गए। चमरू को गंभीर चोटें आई थी। इन्हें संजीवनी 108 से सूरजपुर जिला अस्पताल लाया गया, यहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया था, यहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# धान के स्टॉक में मिली कमी, धान खरीदी प्रभारी और ऑपरेटर निलंबित

- जिले के विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र खड़गांव के धान खरीदी प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर को धान के स्टॉक में हेराफेरी करने पर कड़ी कार्रवाई

- संवाददाता -

अम्बिकापुर,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।



उप आयुक्त एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं अंबिकापुर ने बताया कि धान खरीदी केंद्र खड़गांव का भौतिक सत्यपान 14 जनवरी 2025 को खाद्य अधिकारी सरगुजा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें धान का स्टॉक 2291.20 क्वि. कमी पाई गई। शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने के इस मामले में कलेक्टर सरगुजा के नीरेश पर धान खरीदी प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर अनिल भगत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि धान खरीदी प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर अनिल भगत को तत्काल निलंबित कर धान उपार्जन केन्द्र खड़गांव का प्रभार धान खरीदी हेतु दामोदर प्रसाद कुबंज को दिया जाता है तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. राजापुर के प्राधिकृत अधिकारी एवं समिति प्रबंधक अशोक सिदार तत्काल व्यवस्था करने निर्देशित किया गया है जिससे कि धान खरीदी कार्य प्रभावित न हो।

# कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने ली जल संसाधन विभाग की संभाग स्तरीय बैठक

- संवाददाता -

अम्बिकापुर,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।





वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री श्री केदार कश्यप ने सरगुजा प्रवास के दौरान बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जल संसाधन विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में अंबिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज, जल संसाधन विभाग के विशेष सचिव श्री राजेश टोप्पो, कलेक्टर श्री विलास भोसकर, प्रमुख अभियंता श्री इंद्रजीत उइके, सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री श्री कश्यप ने अधिकारियों को सख्त निर्देशित करते हुए कहा कि आम जन की सुविधा एवं कल्याण हेतु किए जा रहे कार्यों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। काम की गुणवत्ता और ठेकेदारों पर नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए समय सीमा में प्रगतिरत परियोजनाओं और निर्माण कार्यों को पूरा किया जाए। बैठक में विशेष सचिव श्री टोप्पो ने बताया कि पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुरूप वरिष्ठ अधिकारियों की टीम बनाकर सरगुजा संभाग के सभी जिलों का दौरा किया गया है और विभिन्न कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया गया है। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने शेड्यूल बनाकर साइट निरीक्षण करने भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। बैठक में विधायकों द्वारा घुनघुट्टा परियोजना द्वारा अंतिम छोर तक पानी पहुंचने और बांकी डैम में जल की निरंतर उपलब्धता हेतु अधोसंरचना निर्माण की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई जिसपर मंत्री श्री कश्यप ने विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। बैठक में घुनघुट्टा जलाशय के किनारे पर्यटन को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई।

# दिन विशेष...देश की रक्षा के लिए समर्पित है 15 जनवरी थल सेना दिवस

- संवाददाता -

एमसीबी,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।







भारतीय सेना दिवस 15 जनवरी को मनाने के पीछे एक ऐतिहासिक महत्व है। यह दिन फील्ड मार्शल केएम करियप्पा के सम्मान में मनाया जाता है। उन्होंने 15 जनवरी 1949 को भारतीय सेना की कमान संभाली थी। वह भारत के पहले सेना प्रमुख बने थे और उन्होंने देश की स्वतंत्रता के बाद सेना का नेतृत्व किया था। इस दिन का महत्व इस तथ्य में भी निहित है कि यह दिन भारतीय सेना की बहादुरी और बलिदान को याद दिलाता है। यह दिन उन सैनिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। इस वर्ष 2025 में 77 वां भारतीय सेना दिवस पूरे देश में भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। जिसमें सैन्य परेड और विभिन्न समारोह आयोजित किए जाएंगे। यह दिन भारतीय सेना की बहादुरी और समर्पण को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### थल सेना का इतिहास

भारतीय आर्मी का गठन ईस्ट इंडिया कंपनी ने साल 1776 में कोलकाता में किया था। इस सेना पर देश की आजादी से पहले ब्रिटिश कमांडर का अधिकार था। साल 1947 में जब भारत आजाद हुआ तब भी भारतीय सेना का अध्यक्ष ब्रिटिश मूल का ही होता था। 2 साल बाद यानी साल 1949 में आखिरी ब्रिटिश कमांडर इन चीफ जनरल फ्रांसिस बुचर ने अपना पद छोड़ दिया। 1947 में स्वतन्त्रता मिलने के बाद ब्रिटिश भारतीय सेना को नये बने राष्ट्र भारत और इस्लामी गणराज्य पाकिस्तान की सेवा करने के लिये 2 भागों में बाँट दिया गया। अधिकतर इकाइयों को भारत के पास रखा गया। चार गोरखा सैन्य दलों को ब्रिटिश सेना में स्थानांतरित किया गया जबकि शेष को भारत के लिए भेजा गया।

### 15 जनवरी को ही क्यों मनाते हैं सेना दिवस

आधुनिक भारतीय सेना की शुरुआत 1 अप्रैल 1895 को हुई। उस वक्त इसे भारत को गुलाम बनाने वाली ब्रिटिश कंपनी ईस्ट इंडिया कंपनी ने प्रेसिडेंसी आर्मी के रूप में खड़ा किया था। जिसे बाद में ब्रिटिश भारतीय सेना के नाम से जाना गया। आखिरकार लंबे संघर्ष के बाद देश के आजाद होने के बाद यह भारतीय सेना कही जाने लगी। लेकिन 15 जनवरी 1949 तक इसके कमांडर ब्रिटिश सैन्य अधिकारी जनरल फ्रांसिस बुचर थे। आजादी के बाद 15 जनवरी 1949 को हमें पहले भारतीय सेना प्रमुख मिले. जिनका नाम फील्ड मार्शल केएम करियप्पा था। इसलिए 15 जनवरी को ही भारतीय सेना दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया गया।

### सेना दिवस पर क्या होता है

भारतीय सेना दिवस के अवसर पर देश भर में विभिन्न समारोह आयोजित किए जाते हैं। जिनमें सैन्य परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सेना के जवानों को सम्मानित करने के कार्यक्रम शामिल हैं। सेना दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन दिल्ली के छावनी के करिअप्पा परेड ग्राउंड में होता है, जहां भारतीय सेना के जवान अपनी बहादुरी और अनुशासन का प्रदर्शन करते हैं।

### भारतीय सेना के बारे में कुछ रोचक तथ्य

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान 1.3 मिलियन भारतीय सैनिकों ने ब्रिटिश सेना के लिए लड़ाई लड़ी थी, जिसमें से 74,000 से अधिक सैनिक शहीद हो गए। नई दिल्ली में स्थित इंडिया गेट इन बहादुर सैनिकों की याद में बनाया गया है। भारतीय सेना का इतिहास बहुत पुराना और समृद्ध है, और इसमें कई महत्वपूर्ण घटनाएं और युद्ध शामिल हैं। भारतीय सेना विश्व की सबसे बड़ी स्वयंसेवी सेना है। जिसमें 12 लाख से अधिक सक्रिय सैनिक और 9 लाख आरक्षित सैनिक शामिल हैं। भारतीय सेना दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र, सियाचिन ग्लेशियर को नियंत्रित करती है। जो समुद्र तल से 20,000 फीट से अधिक ऊंचाई पर स्थित है। यह गैर-ध्रुवीय क्षेत्रों में दूसरा सबसे लंबा ग्लेशियर भी है। 61वीं कैवेलरी रेजिमेंट भारतीय सेना की सबसे बड़ी घुड़सवार इकाइयों में से एक है और दुनिया की आखिरी सक्रिय और गैर-यंत्रीकृत घुड़सवार इकाइयों में से भी एक है। अनुशासन और युद्ध कौशल के लिए प्रसिद्ध भारतीय सेना विश्व में चौथे स्थान पर आती है। जो केवल अमेरिका, रूस और चीन के बाद है, भारत संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में सबसे अधिक सैनिक भेजने वाले देशों में शामिल है, और वर्तमान में 6,000 से अधिक भारतीय सैनिक विभिन्न मिशनों में तैनात हैं। 2013 में उत्तर भारत में आई भीषण बाढ़ के दौरान भारतीय सेना ने ऑपरेशन राहत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस मिशन में भारतीय वायुसेना ने 19,600 से अधिक लोगों को एयरलिफ्ट किया। जबकि भारतीय सेना ने 10,500 से अधिक लोगों को सड़कों और हेलीकॉप्टरों की मदद से बचाया। 1982 में, भारतीय सेना ने लद्दाख में विश्व का सबसे ऊंचा पुल दाबेली ब्रिज बनाया। यह पुल समुद्र तल से 18,739 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और इसकी लंबाई 98 फीट है।

भारतीय सेना के पास कुशल डॉग स्क्वॉड भी है, जिसमें जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर और बेल्जियन मेलिनॉय जैसी नस्लें शामिल हैं। ये प्रशिक्षित कुत्ते विस्फोटक खोजने, ट्रैकिंग और बचाव कार्यों जैसे अभियानों में सेना की महत्वपूर्ण सहायता करते हैं। भारतीय सेना न केवल अपनी बहादुरी के लिए जानी जाती है, बल्कि उसके रोचक इतिहास और शानदार परंपराओं के लिए भी सम्मिलित है। गोरखा रेजीमेंट गोरखा सैनिकों ने कारगिल युद्ध सहित कई अभियानों में अपनी वीरता का परिचय दिया है।

### देश के लिए थल सेना का योगदान

भारतीय थल सेना ने देश की रक्षा के लिए कई युद्ध लड़े हैं और हमेशा देश की सीमाओं की रक्षा के लिए तत्पर रहती है। सेना ने प्राकृतिक आपदाओं के समय भी लोगों की मदद की है। थल सेना दिवस एक ऐसा अवसर है। जब हम सभी एक साथ आकर अपने देश के वीर सैनिकों को धन्यवाद देते हैं।

### सुरक्षा और रक्षा में योगदान

सीमा सुरक्षा थल सेना देश की सीमाओं की रक्षा करती है और विदेशी हमलों से बचाव करती है। आंतरिक सुरक्षा थल सेना आंतरिक सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जैसे कि आतंकवाद विरोधी अभियान और नक्सलवाद विरोधी अभियान। प्राकृतिक आपदा में सहायता- थल सेना प्राकृतिक आपदाओं जैसे कि बाढ़, भूकंप और तूफान में राहत और बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### राष्ट्र निर्माण में योगदान

राष्ट्र निर्माण थल सेना ने देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में मदद की। विकास कार्यों में सहायता थल सेना विकास कार्यों में भी सहायता प्रदान करती है, जैसे कि सड़क निर्माण, पुल निर्माण और अन्य बुनियादी ढांचे के विकास में। सामाजिक कार्यों में सहायता थल सेना सामाजिक कार्यों में भी सहायता प्रदान करती है, जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम आदि।

# झेलंगी पर गर्भवती महिला,विकास की खोली पोल, गर्भवती महिला को झेलंगी पर ले जाना पड़ा एंबुलेंस तक

## झेलगी पर बैठ गर्भवती महिला ने दिखाई विकास के दावों की असलियत,सरकार और जिला प्रशासन पर उठे सवाल

- संवाददाता -
बलरामपुर,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

विकास के तमाम वादों और योजनाओं के बीच बलरामपुर जिले के इदरीकला पंचायत की काइखांड बस्ती में एक गर्भवती महिला को एंबुलेंस तक पहुंचाने के लिए झेलंगी का सहारा लेना पड़ा। यह घटना न केवल सरकार के विकास के दावों को शर्मसार करती है, बल्कि जिला प्रशासन की असंवेदनशीलता को भी उजागर करती है।

गर्भवती महिला के लिए सड़क नहीं, सिर्फ झेलंगी का सहारा

ग्राम काइखांड की सुगंती कोडाकू,जो गर्भवती थीं, को मंगलवार को अचानक तेज पेट दर्द हुआ। परिजनों ने तत्काल मितानिन की सहायता से 108 इमरजेंसी एंबुलेंस सेवा को बुलाया। लेकिन बस्ती तक सड़क नहीं होने की वजह से एंबुलेंस केवल खेतों के पास तक ही पहुंच सकी। मजबूरन परिजनों को महिला को झेलंगी में लिटाकर खेतों के रास्ते एंबुलेंस तक पहुंचाना पड़ा।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ सिस्टम का सच**

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसमें दिख रहा है कि कैसे परिजन गर्भवती महिला को झेलंगी पर लिटाकर कच्चे और ऊबड़-खाबड़ रास्तों से एंबुलेंस तक पहुंचा रहे हैं। यह दृश्य जिले में बुनियादी सुविधाओं की बदहाली और सरकारी योजनाओं की असलियत को सामने लाता है।

प्रशासनिक संवेदनहीनता पर सवाल

काइखांड बस्ती में सड़क का न होना इस बात का सबूत है कि जिला प्रशासन और सरकार के विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित हैं।

सड़क निर्माण की उपेक्षा कई सालों से सड़क की मांग के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा बस्ती के लोग आपातकालीन स्थिति में भी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं।



क्या यही है गांवों तक सड़क और सुविधाएं पहुंचाने का दावा? सरकार और जिला प्रशासन इस स्थिति पर चुप्पी साधे हुए हैं।

**ग्रामीणों का गुस्सा, प्रशासन के खिलाफ नाराजगी**

घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद काइखांड बस्ती जैसी जगहों पर सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं की कोई व्यवस्था नहीं की गई।

ग्रामीणों ने कहा, हमसे वोट लेने के लिए बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद हमारी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

**जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को कटघरे में खड़ा करती घटना**

यह घटना एक सीधा सवाल खड़ा करती है काइखांड जैसी दूरस्थ बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं की कमी के लिए कौन जिम्मेदार है?

1. क्या जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि केवल चुनावों के दौरान सक्रिय रहते हैं?
2. सड़क सबके लिए और स्वास्थ्य सबके द्वार तक जैसी योजनाएं क्या सिर्फ सरकारी विज्ञापनों तक सीमित हैं?
3. सरकार और जिला प्रशासन के दावे जमीनी स्तर पर क्यों नाकाम हो रहे हैं?

सरकार और प्रशासन की जवाबदेही तय होनी चाहिए

काइखांड बस्ती में सड़क निर्माण को तुरंत प्राथमिकता दी जाए।

बस्ती के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं तक सुगम पहुंच के लिए उप-स्वास्थ्य केंद्र खोला जाए।

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को इन इलाकों में जाकर समस्या की जमीनी पड़ताल करनी चाहिए।

**अभी इलाज जारी,पर दर्द नहीं भूल पाएंगे परिजन**

झेलगी पर गर्भवती महिला को एंबुलेंस तक पहुंचाने का संघर्ष उसकी जान बचाने के लिए किया गया,लेकिन यह दृश्य प्रशासन और सरकार की नाकामी का एक कड़वा सबक है। सुगंती कोडाकू को फिलहाल जिला चिकित्सालय बलरामपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

सरकार और जिला प्रशासन को चाहिए कि वे सिर्फ घोषणाओं से नहीं, बल्कि ठोस कार्यों से जनता का विश्वास जीतें। वरना ऐसे झेलंगी की तस्वीरें बार-बार विकास के खोखले दावों पर सवाल उठाती रहेंगी।

# हर्षोल्लास के साथ मां महामाया प्रवेश द्वार का हुआ भव्य लोकार्पण

» **वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य एवं महिला व बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की अध्यक्षता में हुआ लोकार्पण**







- संवाददाता -
अम्बिकापुर,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य एवं महिला व बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की अध्यक्षता में बड़े हर्षोल्लास के साथ मां महामाया प्रवेश द्वार का भव्य लोकार्पण बुधवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर प्रवेश द्वारा का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस पावन अवसर पर मंत्री श्री केदार कश्यप ने पूरे संभाग की जनता को बधाई प्रेषित की। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य का दिन है। आज मां महामाया के मंदिर को समर्पित इस प्रवेश द्वारा लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह माई दंतेश्वरी के नाम से पूरा बस्तर एक है, उसी तरह मां महामाया के नाम से सरगुजा संभाग की पहचान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और हमारे प्रदेश ने वैश्विक पटल पर पहचान बनाई है। महाकुंभ के अवसर पर मां महामाया प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह गणपति धाम में भी आवागमन मार्ग शीघ्र तैयार किया जाएगा।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने भी इस अवसर पर सभी को बधाई दी और कहा कि आज मां महामाया प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया गया है। इसमें सभी पार्षदों का सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि मां महामाया प्रवेश द्वार से मंदिर तक शेड निर्माण की मांग अनुरूप शीघ्र से प्रयास किया जाएगा। यह हम सभी की आस्था का केंद्र है, इसके विकास के लिए सहभागी बनना सौभाग्य की बात है।

इस अवसर पर अंबिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल और लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज ने भी सभी को बधाई दी। इस दौरान मंदिर कॉरिडोर और पब्लिक ट्रस्ट बनाए जाने के भी सुझाव रखे गए। मां महामाया प्रवेश द्वार के लोकार्पण के पावन अवसर पर सीतापुर विधायक श्री रामकुमार टोप्पो, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्वविजय सिंह तोमर, कलेक्टर श्री विलास भोसकर, श्री कमलभान सिंह, श्री भारत सिंह सिसोदिया, श्री आलोक दुबे, श्री ललन प्रताप सिंह, श्री अनिल सिंह मेजर, श्री अभिमन्यु गुप्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।

## यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु लाईसेंस शिविर का होगा आयोजन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत आम नागरिकों को नवीन लाईसेंस का लाभ देकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु लाईसेंस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 18 जनवरी 2025 को पी.जी. कॉलेज ग्राउंड में अग्रवाल परिवहन सुविधा केंद्र एवं प्रिंस परिवहन सुविधा केंद्र, गुप्ता कपिल परिवहन सुविधा केंद्र एवं शिवम ऑनलाइन परिवहन सुविधा केंद्र तथा अभिजीत परिवहन सुविधा केंद्र एवं गुलशन परिवहन सुविधा केंद्र द्वारा लाइसेंस शिविर आयोजित किया गया है।

इसी प्रकार 19 जनवरी 2025 को पी.जी. कॉलेज ग्राउंड में सुरभि परिवहन सुविधा केंद्र एवं मनसा परिवहन सुविधा केंद्र, सरगुजा परिवहन सुविधा केंद्र एवं महामाया परिवहन सुविधा केंद्र एवं सारा परिवहन सुविधा केन्द्र द्वारा शिविर आयोजित किया जाएगा। 20 जनवरी 2025 को पी.जी. कॉलेज ग्राउंड में उपरोक्त समस्त परिवहन सुविधा केंद्र द्वारा शिविर आयोजित होंगे। वहीं 21 जनवरी एवं 22 जनवरी को लखनपुर में विजन परिवहन सुविधा केंद्र एवं किशन परिवहन सुविधा केंद्र तथा 23 जनवरी एवं 24 जनवरी को सीतापुर में एक्का परिवहन सुविधा केंद्र द्वारा लाइसेंस शिविर आयोजित किया गया है।

## आज होगा 366 जोडों का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन

» **महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में होंगी शामिल**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अन्तर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन 16 जनवरी 2025 को प्रातः 11:00 बजे से अम्बिकापुर के पी.जी. कॉलेज के हॉकी स्टेडियम में होगा। इस अवसर पर 366 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। समारोह की अध्यक्षता सांसद सरगुजा श्री चिंतामणी महाराज करेंगे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर के विधायक श्री राजेश अग्रवाल, विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा के विधायक श्री प्रबोध मिंज, विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के विधायक श्री रामकुमार टोप्पो,छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्वविजय सिंह तोमर,जिला पंचायत सरगुजा अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह एवं सभापति महिला बाल विकास तथा स्वास्थ्य समिति श्रीमती सरला सिंह शामिल होंगे।

# कलेक्टर व निगम प्रशासक के निर्देश पर निगम आयुक्त शहर की साफ़-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का प्रतिदिन कर रहे निरीक्षण

- संवाददाता -
एमसीबी,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के विशेष निर्देश पर कलेक्टर एवं प्रशासक नगर निगम चिरमिरी के मार्गदर्शन पर नगर निगम के आयुक्त रामप्रसाद आचला चिरमिरी के वार्डो का भ्रमण प्रतिदिन कर रहे हैं। नगर निगम के स्वच्छता प्रभारी उमेश तिवारी के साथ प्रातः सुबह साफ-सफाई एवं वार्डों मे चल रहे हैं, निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं।





राज्य शासन के निर्देशानुसार निगम आयुक्त कोरिया कॉलरी के एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर सेंटर में साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से होने पर स्वच्छता दीदियों की प्रसंशा की। उन्होंने स्वच्छता दीदियों को समझाइए देते हुए कहा कि शहर में शत-प्रतिशत यूजर जार्च वसूली पर विशेष ध्यान देवें। इसके साथ ही आयुक्त ने शहर के बड़ाबाजार में अस्थाई जिला चिकित्सालय का भी औचक निरीक्षण कर पूरे परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था निरंतर बनाए रखने कर्मचारी व आमजनों से अपील की। इसके साथ ही उन्होंने बड़ाबाजार में तालाब का निरीक्षण कर उपस्थित कर्मचारियों को बेहतर साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम के सहायक अभियंता विजय बधावन, जिला समन्वयक (पीआईयु) प्रवीण कुमार सिंह मौजूद रहे।


**कार्यालय कलेक्टर जिला रायगढ़ एवं पदेन सचिव छ0ग0 शासन एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

प्रारंभिक अधिसूचना

दिनांक 07/01/2025

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 10/अ-82/2023-24-चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के कालम (1) से (5) में दर्शित भूमि की अनुसूची के कालम (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद्र पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सवसंबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती हैकि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कालम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है-

अनुसूची

ग्राम- खम्हरिया,तहसील-तमनार,जिला-रायगढ़ (छ0ग0)

| क्र. | ख.नं. | अर्जित रकबा (हे.) | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 16/2 | 0.166 | अधीक्षण अभियंता (सिविल) छ0ग0 राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड घरघोड़ा | गारे पेलमा सेक्टर-3 कोल ब्लॉक से कोयला परिवहन हेतु माईनिंग लीज बाऊंड्री तक रेल्वे लाईन के निर्माण हेतु। |
| 2. | 21/3 | 0.035 | | |
| 3 | 47/1 | 0.225 | | |
| कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.426 हे0 | | | | |

(2) यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबन्द व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।
(3) भूमि का नक शा(प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) घरघोड़ा के कार्यालय में देखा जा सकता है।
(4) प्रस्तावित भू-खण्ड से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।
(5) प्रस्तावित भू-अर्जन के लिये कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन के अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाख अधिक होना पाया गया है।
(6) प्रस्तावित भू-अर्जन के लिये अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा जिला रायगढ़ को पूर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा अदेशानुसार

(कार्तिकिया गोयल)
कलेक्टर रायगढ़ एवं पदेन उप सचिव
छ0ग0 शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी0नं0 -242505305/1


# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में लिंक ए.आर.टी. (एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी) सेंटर का हुआ शुभारंभ





- संवाददाता -
एमसीबी,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा विडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में लिंक ए.आर.टी. सेन्टर की शुभारंभ किया गया है। इस सेन्टर के माध्यम से एचआईवी से संक्रमित मरीजों को सम्पूर्ण औषधि का लाभ मिलेगा । पूर्व में एचआईवी से संक्रमित मरीजों को 200 किमी दूर लिंक ए.आर.टी. सेन्टर, अम्बिकापुर से औषधी लेने जाना पड़ता था। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल के द्वारा मरीजों के परेशानियों को ध्यान में रखते हुए, नवीन जिला एम.सी.बी. के अर्न्तगत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में लिंक ए.आर.टी. सेंटर का शुभारंभ किया गया। लिंक ए.आर.टी. सेन्टर में एचआइव्ही संक्रमित मरीजों के लिए औषधी उपलब्ध रहेगी। जिला में वर्ष 2008 से माह नवम्बर 2024 तक लगभग 269 मरीज एचआइव्ही से संक्रमित है। जिसका विवरण आईसीटीसी ( एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केंद्र) मनेन्द्रगढ़ में एचआईवी से संक्रमित मरीजों की संख्या 178, आईसीटीसी चिरमिरी में एचआईवी से संकमित मरीजों की संख्या 85 एवं आईसीटीसी जनकपुर में एचआईवी से संक्रमित मरीजों की संख्या 06 पंजीकृत है। वर्तमान समय जिले में 01 अप्रैल 2024 से माह नवम्बर 2024 तक 50 मरीज एचआईवी से संक्रमित मरीजों का पंजीयन किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे द्वारा समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का बैठक आहूत कर लिंक ए.आर.टी. सेन्टर के संबंध में जानकारी दी एवं एचआईवी से संक्रमित मरीजों का सम्पूर्ण ईलाज के संबंध में बताया गया। साथ ही तीनो विकासखण्ड के आईसीटीसी के परामर्शदाताओं को एचआईवी संक्रमित मरीजां का प्रबंधन संबंधी जानकारी दी गई। बैठक दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कुछ संक्रमित मरीजों को औषधि वितरण एवं सेवन के संबंध में जानकारी देते हुए लिंक ए.आर.टी. सेंटर का शुभारंभ किया गया।


**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा.**

रा.प्र.क्र./अ- 20(3) /2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नाजनीन बानो पति फखरूद्दीन खान निवासी जरहागढ़ नगर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला जरहागढ़ नगर अम्बिकापुर शीट नंबर-8 स्थित प्लाट नम्बर 2343, 2344/1 रकबा क्रमशः 0.04, 0.01,1/2 एकड़ भूमि को बैंक बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, मेंटनेंस खसरा की छायाप्रति के साथ पेश किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोईदावा- आपत्ति हो तोअपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 29/01/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 08/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नजूल अधिकारी ,अंबिकापुर

# बालको में लोहड़ी,मकर संक्रांति एवं मंडला पूजा धूमधाम से संपन्न

- संवाददाता -
कोरबा,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

विविधता, एकता और परंपरा का जश्न मनाने की अपनी यात्रा में भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने प्रत्येक राज्य की सभी संस्कृतियों एवं परंपरा को एक मंच पर लाकर इस क्षेत्र को मिनी इंडिया बना दिया। यहां विभिन्न धर्म एवं समुदाय के लोग साथ रहते हैं जो अलग-अलग त्योहार मनाते हैं। टाउनशिप एवं समुदाय में लोहड़ी, मकर संक्रांति और मंडला पूजा उत्साह के साथ मनाई गई। बालको जीईटी हॉस्टल में लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने अन्य पदाधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विधिपूर्वक पूजा एवं अनुष्ठान के बाद लोहड़ी प्रज्ज्वलित किया। इस मौके पर लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। मकर संक्रांति महोत्सव के अवसर पर अंबेडकर स्टेडियम में पतंग स्पर्धा आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बालको कर्मचारियों, उनके परिजन, बच्चों एवं समुदाय के लोगों ने शिरकत की। कंपनी के सीईओ एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने महोत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने बालको परिवार को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दीं और विभिन्न पंतगबाजी के 5 श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार दिए। कंपनी ने सामुदायिक विकास कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय में मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रतिभागी महिलाएं पंतगबाजी,स्पून लेमन एवं बैलून रेस तथा जलेबी खाने की प्रतियोगिता में शामिल हुई। सभी महिलाओं के बीच छत्तीसा के बने तिल एवं लाई के लड्डू बांटे गए।बालकोनगर अय्यप्पा सेवा संघम ने मंडला पूजा एवं मकर संक्रांति पर बालकोनगर अय्यप्पा मंदिर में अनेक अनुष्ठान आयोजित किए। मंडला पूजा 26 दिसंबर 2024 से शुरू होकर 14 जनवरी 2025 को धूमधाम से संपन्न हुआ। बालको के वरिष्ठ अधिकारियों ने भगवान अय्यप्पा की पूजा-अर्चना कर बालको परिवार की खुशहाली और चहुंमुखी प्रगति का आशीर्वाद मांगा। अय्यप्पा मंदिर में मकरा विलक्कू पूजा की शुरूआत सुबह साढ़े पांच बजे से हुई। निर्माल्य दर्शन, गणपति हवन, अभिषेकम और उषा पूजा के अलावा नागराजा के लिए नूरूम पालुम अनुष्ठान हुआ। दोपहर को मध्याह्न पूजा आयोजित हुई। शाम को भगवान अय्यप्पा की दीप यात्रा आयोजित हुई जिसकी शुरूआत बालकोनगर के सेक्टर-पांच स्थित सिद्धेश्वर श्री हनुमान मंदिर से हुई। अनेक बालको अधिकारियों, कर्मचारियों और बालकोनगरवासियों ने पारंपरिक मोर एवं कर्मा नाच, मुथुकुड्डा, निरापरा, थिवेट्टी और कुथुविलक्कू आदि अनुष्ठानों में भागीदारी कर पुण्यलाभ कमाया।



बालको ने धार्मिक स्थलों की समृद्ध विरासत को संरक्षित किया है जो दशकों से टाउनशिप का अभिन्न अंग हैं। राम मंदिर से लेकर सेंट विंसेंट पल्लोटी चर्च, गोसिया मस्जिद और गुरुद्वारा ये सभी पूजा स्थल आस्था के प्रतीक हैं। समुदाय के साथ ही कंपनी के प्रयास से विभिन्न धर्मों के कर्मचारी, निवासी और उनके परिवार के लोग एकजुट होते हैं। ये सभी धार्मिक स्थल विभिन्न संस्कृति एवं धर्मों के सम्मान के प्रति बालको की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। बालको ने सामूहिकता की भावना को बढ़ावा दिया। जहां सभी परंपराओं का जश्न साथ मिलकर मनाया जाता है। कंपनी ने सामुदायिक भलाई के साथ ही अपनी आद्यौगिक यात्रा का भी अनूठा उदाहरण पेश किया है।

# सरकार षडयंत्र पूर्वक ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म कर दिया: सुरेन्द्र जायसवाल

- संवाददाता -
कोरबा,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।




छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी निर्देश पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में राज्य सरकार द्वारा लागू की गई नई आरक्षण व्यवस्था से अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध कांग्रेस पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जिला स्तरीय धरना/ प्रदर्शन किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ने भी 15 जनवरी बुधवार को टी पी नगर चौक कोरबा में एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना/प्रदर्शन किया।। सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने बताया कि प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए हुए आरक्षण में एक भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित नही है, जबकि प्रदेश की आधी आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग का है। सरकार षड़यंत्र पूर्वक ओबीसी आरक्षण को लगभग खत्म कर दिया है, जिसके कारण ओबीसी वर्ग से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशिओं का अधिकार का हनन किया जा रहा है। जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान ने कहा है कि सरकार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण के प्रावधानों में जो षडयंत्र पूर्वक ओबीसी विरोधी परिवर्तन किया है, उसका परिणाम सामने है। रायपुर जिला पंचायत में 16 में से केवल 4 सीट ही ओबीसी के लिए आरक्षित है, उसी तरह बिलासपुर जिले में 17 में से केवल 1 क्षेत्र ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है। ओबीसी पुरुष के लिए 17 में से 1 भी सीट आरक्षित नही है, उसी तरह 4 जनपद पंचायतों में जनपद पंचायत अध्यक्ष के पद अनुसूचित जाति महिला, 1 अनारक्षित महिला और 1 जनपद अध्यक्ष का पद अनारक्षित मुक्त रखा गया है। यहां एक भी पद ओबीसी के लिए आरक्षित नही है जिसके कारण प्रदेश के ओबीसी वर्ग चुनाव लड़ने से वंचित हो गया है और साय सरकार ने ओबीसी वर्ग हो चुनाव लड़ने से षडयंत्र पूर्वक रोक दिया है और यह सरकार ओबीसी विरोधी बन गयी हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि भाजपा सरकार आरक्षण विरोधी है। इस सरकार ने ओबीसी वर्ग के हक और अधिकारों में बड़ी डकैती की है। कांग्रेस नेत्री श्रीमती उषा तिवारी ने बताया कि मैदानी क्षेत्रों में अनेक पंचायते ऐसी है, जहां पर 90 से 99 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है लेकिन वहां पर भी ओबीसी के लिए सरपंच का पद आरक्षित नहीं है। पंचों का आरक्षण भी जनसंख्या के अनुपात में काफी कम है। पूर्व में ओबीसी के लिए आरक्षित ये सभी सीटें सामान्य घोषित हो चुकी है। साय सरकार द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में दुर्भावना पूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिलें और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और पंचों का जो भी पद ओबीसी के लिए आरक्षित था, अब वे सामान्य सीटें घोषित हो चुकी हैं। इस अवसर पर दुष्यंत शर्मा, सनीष कुमार, रवि चंदेल, गजानंद साहू, रेखा त्रिपाठी, शांता मंडावे, रामगोपाल यादव, अनुज जायसवाल, देवीदयाल सोनी, कृपाराम साहू, देवी दयाल तिवारी, हलीम शेख, महेन्द्र निर्मलकर, लक्ष्मी महंत, गीता मनिकपुरी, राजेश मानिकपुरी, संजू अग्रवाल, ओंकार महराज, अनील यादव, नत्थू लाल यादव, गोपाल यादव, संजय अग्रवाल, राजेश, राजू बर्मन, गोरेलाल यादव, देव जायसवाल, ओमकार दुबे, ए डी जोशी, मुकेश कश्यप, ज्ञानचंद राठौर, संजीव अग्रवाल, सीताराम चौहान, लक्ष्मण लहरे, डॉ. हेमकुमार राठौर, अविनाश बंजारे, अरूण यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# पथ विक्रेताओं के लिए जागरूकता और आवेदन शिविर का आयोजन

- संवाददाता -
सूरजपुर,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।



नगर पंचायत प्रतापपुर के द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता एवं आवेदन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पथ विक्रेताओं को योजना की जानकारी दी गई और मौके पर ही उनके आवेदन जमा किए गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का उद्देश्य पथ विक्रेताओं को वित्तीय सहायता प्रदान कर उनके व्यवसाय को सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत पात्र पथ विक्रेताओं को पहली बार में 10,000 तक का बिना गारंटी का ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिसे आसान किस्तों में चुकाया जा सकता है। उसके बाद 20,000/- और तीसरे ऋण के रूप में उन्हें 50,000 का ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी यूसुफिया एक्का ने पथ विक्रेताओं को योजना के लाभ, आवेदन प्रक्रिया और ऋण के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया।

श्रीमती एक्का ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना पथ विक्रेताओं के लिए एक बड़ा अवसर है। इससे उन्हें अपने व्यवसाय को बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। हम अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। शिविर में पथ विक्रेताओं ने भाग लिया और अपने आवेदन जमा किए। यह भी सुनिश्चित किया गया कि जो पथ विक्रेता शिविर में उपस्थित नहीं हो पाए, वे नगर पंचायत कार्यालय में जाकर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

यह पहल पथ विक्रेताओं को सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अभ्यर्थियों का मूल दस्तावेजो का सत्यापन एवं काउंसलिंग आज

- संवाददाता -
बलरामपुर,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बलरामपुर अंतर्गत संविदा रिक्त पदों की भर्ती हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी,स्टाफ नर्स एनबीएसयू एवं स्टाफ नर्स-एनआरसी के पदों को छोड़ते हुए शेष पदों के अभ्यर्थियों का समस्त सूची प्रकाशित करते हुए प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। वर्तमान में उच्च न्यायलय के रिटपिटिशन निर्देशानुसार इन तीनों पदों के उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण, वरीयता, चयन एवं प्रतीक्षा सूची प्रकाशित की जा रही है। जिसमें तीनों पदों के अजा वर्ग के एक पद को रिक्त करते हुए चयन सूची तैयार की गई है। चयनित अभ्यर्थियों का मूल दस्तावेज सत्यापन एवं काउंसलिंग 16 जनवरी 2025 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बलरामपुर के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। उपरोक्त पदों के सिर्फ चयनित अभ्यर्थी मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि एवं समयानुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। मूल दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान अभ्यर्थियों के दस्तावेज में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर विज्ञापन में उल्लेखित नियम अनुसार अथवा पद रिक्त होने पर प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान किया जाएगा, जिसके लिए पृथक से जानकारी प्रदान की जावेगी। उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण, वरीयता, चयन एवं प्रतीक्षा सूची की विस्तृत जानकारी जिला के वेबसाइट बलरामपुर डॉट जीओवी डॉट इन एवं कार्यालय के सूचना पटल से प्राप्त किया जा सकता है।

# सूरजपुर जेल में टीबी मुक्त जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन





- संवाददाता -
सूरजपुर,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के दिशा-निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिलदेव पैकरा, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. जे एस आर सरूता के उपस्थित में जिला जेल सूरजपुर में टीबी मुक्त भारत के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें टीबी का स्क्रीनिंग कर 33 संभावित व्यक्तियों का लाईन लिस्टिंग किया गया तथा उन सभी लोगों को स्पूटम कन्टेनर दिया गया। जिसका सैम्पल कलेक्शन कर ट्रू नेट मशीन से जांच किया जायेगा। इस अवसर पर डॉ. कपिलदेव पैकरा ने कहा कि नि-क्षय निरामय कार्यक्रम सौ दिवसीय कैम्पेन है। जिसमें ज्यादा से ज्यादा सस्पेक्टेड टीबी और कुष्ठ के मरीजों का पहचान और जांच करवाना है। साथ ही वयोवृद्ध लोगों की देखभाल भी की जाएगी। डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट डॉक्टर पुलतस्य थवाईत ने कहा कि सभी जानते हैं कि टीबी की बिमारी हवा के माध्यम से फैलती है। जिससे संक्रमण की सम्भावना रहती है इसलिए राज्य सरकार और भारत सरकार इस कार्यक्रम पर विशेष फोकस कर भारतवर्ष को 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ जे एस आर सरूता ने कहा कि टीबी मुक्ति का अभियान सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पुरे विश्व में चल रहा है। सम्पूर्ण विश्व को 2030 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इसलिए हम सभी जागरूक रहें टीबी से दूर रहें। डीपीसी संजीत कुमार सिंह ने कहा कि टीबी से बचने के लिए हम सतर्क रह कर भी कुछ नहीं कर सकते। यह हवा के माध्यम से फैलती है इसके लिए हमें अपने पड़ोसी का ध्यान देना है किसी पड़ोसी को दो सप्ताह से अधिक दिनों का खांसी है तो उसका बलगम जांच करवाये। पड़ोसी टीबी मुक्त तो हम भी टीबी मुक्त है। कार्यक्रम का संचालन पिरामल फाऊंडेशन के जिला कार्यक्रम अधिकारी महेन्द्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग जेल डाक्टर विजय सिंह, सुरेश गुप्ता कुष्ठ रोग प्रभारी, सुभाष यादव, लेपरा सोसायटी के रितेश गुप्ता का रहा।

# तातापानी महोत्सव के प्रथम दिवस आमंत्रित कलाकारों ने दी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति

- कार्यक्रम में दिखी लोक संस्कृति की झलक
- कलाकारों का किया गया सम्मान
- महोत्सव के अंतिम दिवस भोजपुरी कलाकार अक्षरा और इंडियन रोलर म्यूजिक बैंड देंगे प्रस्तुति








- संवाददाता -
बलरामपुर,15 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ का उत्तरी क्षेत्र में स्थित बलरामपुर-रामानुजगंज जिला अपनी समृद्ध संस्कृति और परम्परा के लिए जाना जाता है जो कि स्थानीय विरासत और परंपराओं को जीवंत रखने में महत्वपूर्ण योगदान रखता है, यह न केवल स्थानीय लोगों के लिए बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र है। इसी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष तातापानी महोत्सव का आयोजन किया जाता है। तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव के प्रथम दिवस की सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों एवं प्रदेश ख्याति प्राप्त कलाकारों ने पारंपरिक लोकगीत की शानदार प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ी गायिका गरिमा दिवाकर और स्वर्णा दिवाकर की जोड़ी ने समा बांधा। अपने सुरीली आवाज की जादू से दर्शकों का मनमोहते हुए और अपनी टीम के साथ छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की प्रस्तुति दी। हरेली गीत हो या राउत नाचा के साथ दोहा ने श्रोताओं का मन मोह लिया। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ी त्योहारों पर होने वाले पारम्परिक गीतों को मधुर आवाज और अपने अंदाज में पेश कर श्रोताओं के दिल में अपनी जगह बनायी।ऐतिहासिक संक्रांति परब में लोक गीत प्रस्तुति ने अतिथियों का मन मोहा। इसके साथ ही जिले के विभिन्न स्थानों से आये स्थानीय कलाकारों ने अपने नृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ की कला व संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। इस दौरान उपस्थित दर्शकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाया।

## प्रशासन ने किया कलाकारों का सम्मान

तातापानी महोत्सव में अपने प्रदर्शन और कला से लोगों का मन मोह लेने वाले विभिन्न स्थानों से आये कलाकारों का पुलिस अधीक्षक श्री बैंकर वैभव रमनलाल एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील ने स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

## आगामी दिवस में होंगे ये कार्यक्रम आयोजित

तातापानी महोत्सव के अंतिम दिवस 16 जनवरी को भोजपुरी कलाकार अक्षरा सिंह के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही भिलाई की इंडियन रोलर म्यूजिक बैंड भी कला की छटा बिखेरेंगे

## तातापानी महोत्सव में शासकीय योजनाओं के स्टाल देखने उमड़ रही है लोगों की भीड़

तातापानी महोत्सव में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा स्टालों के माध्यम से विभागीय योजनाओं की उपलब्धियों की प्रदर्शनी लगाई गई है। आदिवासी विकास विभाग द्वारा प्रदर्शनी में आदिवासी के पूजा एवं श्रद्धा स्थल देवगुड़ी का प्रदर्शन करते हुए आदिवासियों के सांस्कृतिक, धार्मिक रूप से संजोए हुए पारंपरिक वाद्य यंत्रों, बांस से बनी कलाकृतियां की झलकियां दिखाई गई है। ट्राइबल फूड स्टॉल के माध्यम से आदिवासी बाहुल्य जिलों की परंपरा, उनके रहन-सहन और स्थानीय जीवन को प्रदर्शित किया जा रहा है। इसके माध्यम से आदिवासी संस्कृति और जीवनशैली को दर्शाया गया है। पारंपरिक कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुम्हारों द्वारा पारंपरिक माटी-चाक के माध्यम से मिट्टी के बर्तन बनाने की कला का जीवंत प्रदर्शनी में लोगों ने खासा दिलचस्पी दिखाई। इस प्रदर्शनी में कुम्हारों की अद्वितीय कला और उनके द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के बर्तनों एवं अन्य उपयोगी वस्तुओं को रखा गया है। रोजगार के नए अवसर एवं क्षेत्र की ओर लोगों को प्रोत्साहित करने सूत कातने की पारंपरिक विधि और चरखा का प्रदर्शन किया गया। श्रृंगार सदन स्टॉल के माध्यम से लाइव बैंगल और चुड़ियां बनाने की विधि का प्रदर्शन किया जा रहा है। कलाकार अपनी कारीगरी और अनुभव के साथ बैंगल और चुड़ियों को बनाने की प्रक्रिया को दिखा रहे है।मिलेट कैफे के माध्यम से स्थानीय मिलेट की खेती और उनसे बने स्वादिष्ट भोज्य पदार्थों को प्रदर्शित किया गया है मिलेट की खेती से कृषि क्षेत्र में विविधता के साथ स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है।

# महिला टीम ने कर दिया जो पुरुष भी नहीं कर पाए...

## » पहली बार ODI में बन गया इतना बड़ा स्कोर

**राजकोट,15 जनवरी 2025।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने राजकोट में 15 जनवरी को वो कर दिखाया जो पहले कभी भारत के महिला क्रिकेट में देखने को नहीं मिला था। राजकोट में तीसरे वनडे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने अपने वनडे क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बना दिया।स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल की सलामी जोड़ी के शतकों की बदौलत टीम इंडिया ने पहली बार 400 से ज्यादा रन बनाते हुए वनडे क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया। मंधाना ने 80 गेंदों पर 12 चौके और 7 छक्कों की मदद से 135 रनों की पारी खेली जबकि प्रतीका रावल ने अपने छठे ही वनडे मैच में 154 रनों की पारी खेलते हुए कमाल कर दिया।

पहली बार 400 हुआ पार

सलामी जोड़ी की शानदार शतकीय पारियों की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम 50 ओवर में 5 विकेट खोकर 435 रनों का स्कोर खड़ा करने में सफल रही जो उसका वनडे क्रिकेट में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले भारतीय महिला टीम का सबसे बड़ा वनडे स्कोर 370 रन था, जो आयरलैंड के खिलाफ इसी सीरीज के दूसरे मैच में आया था।

**महिला वनडे में सबसे बड़ा टीम स्कोर**

491/4 - NZ-W बनाम IRE-W, डबलिन, 2018

455/5 - NZ-W बनाम PAK-W, क्राइस्टचर्च, 1997

440/3 - NZ-W बनाम IRE-W, डबलिन, 2018

435/5 - IND-W बनाम IRE-W, राजकोट, 2025a





418 - NZ-W बनाम IRE-W, डबलिन, 2018

412/3 - AUS-W बनाम DEN-W, मुंबई, 1997

पुरुष टीम से भी आगे निकली महिलाएं

यही नहीं, महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास का भी ये चौथा सबसे बड़ा स्कोर है। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया का 28 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त किया। ऑस्ट्रेलिया ने साल 1997 में 3 विकेट खोकर 412 रन बनाए थे जबकि न्यूजीलैंड ने 2018 में 413 रन बनाए थे। महिला टीम ने इस स्कोर के दम पर वो कर दिखायाा जो भारतीय मेन्स टीम भी आज तक नहीं कर सकी है। दरअसल, भारतीय मेन्स क्रिकेट टीम का वनडे में सबसे बड़ा स्कोर 418/5 रन है। टीम इंडिया ने साल 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंदौर में ये स्कोर बनाया था। अब भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस मामलें में मेन्स टीम से भी आगे निकल गई है। भारत की ओर से इस तीसरे वनडे मैच में 57 बाउंड्री लगी। भारत की पारी में 9 छक्के और 48 चौके आए। ये महिला वनडे में एक टीम की ओर से लगी तीसरी सबसे ज्यादा बाउंड्री का रिकॉर्ड है।

महिला वनडे पारी में सबसे ज्यादा बाउंड्री

71 - NZ-W बनाम IRE-W, डबलिन, 2018

59 - NZ-W बनाम IRE-W, डबलिन, 2018

57 - IND-W बनाम IRE-W, राजकोट, 2025

56 - ENG-W बनाम SA-W, ब्रिस्टल, 2017

53 - NZ-W बनाम IRE-W, डबलिन, 2018



## जोकोविच ने एक और ग्रैंड स्लैम डेब्यूटेंट को हराया

**नई दिल्ली,15 जनवरी 2025।** अपने ऑस्ट्रेलियन ओपन अभियान के दूसरे सीधे मैच में, नोवाक जोकोविच को ग्रैंड स्लैम डेब्यूटेंट द्वारा चार सेट तक धकेल दिया गया। शुरुआती दौर में 19 वर्षीय निशेश बसवरेड्डी को हराने के बाद, उन्होंने बुधवार को 21 वर्षीय क्वालीफायर जैमे फारिया को 6-1, 6-7(4), 6-3, 6-2 से हराकर 25वें मेजर सिंगल्स खिताब और 100वें टूर-लेवल खिताब की अपनी तलाश जारी रखी। अमेरिकी बसवरेड्डी के खिलाफ अपने मैच की तरह, जोकोविच अपने युवा प्रतिद्वंद्वी से तनाव में थे, लेकिन आखिरकार उन्होंने आसानी से जीत हासिल की। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने तेज शुरुआत की और एक सेट और एक ब्रेक की बढ़त हासिल की, लेकिन खराब फॉर्म के कारण पुर्तगाल के फारिया ने रॉड लेवर एरिना में लगातार चार गेम जीतकर अपनी पहचान बनाई। हालांकि जोकोविच ने टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया, लेकिन वह एटीपी रैंकिंग में 125वें नंबर के खिलाड़ी को अपने सर्व और फोरहैंड से दूसरा सेट जीतने से नहीं रोक पाए।

# आईसीसी रैंकिंग में केएल राहुल को फायदा

## » चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अब इस नंबर पर पहुंचे

**नई दिल्ली,15 जनवरी 2025।** आईसीसी की रैंकिंग में इस बार भी कुछ बदलाव हुए हैं। हालांकि पिछले सप्ताह टीमों ने ज्यादा मुकाबले नहीं खेले, इसलिए बहुत फेरबदल तो नहीं हुए हैं, लेकिन भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल को इस बार जरूर फायदा मिलता हुआ नजर आ रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले केएल राहुल अब टॉप 10 के काफी करीब पहुंच गए हैं।

### इस बार केवल वनडे की रैंकिंग में ही हुआ बदलाव

इस बार टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल मैचों की रैंकिंग और रेटिंग में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। ऐसा इसलिए हुआ है, क्योंकि पिछले सप्ताह टेस्ट और टी20 मुकाबले हुए ही नहीं। भारत ने भी कोई वनडे तो नही खेला है, लेकिन न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच एक वनडे मैच हुआ था। यही वजह है कि केएल राहुल की रेटिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन उन्हें रैंकिंग में फायदा हुआ है। ऐसा नहीं है कि केएल राहुल ने कुछ खास कर दिया है, बस इतना है कि जो बल्लेबाज उनसे आगे था, उसने खराब खेला और इसलिए केएल राहुल की रैंकिंग बढ़ गई है।



### बाबर आजम आईसीसी वनडे रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज

आईसीसी की वनडे रैंकिंग में अभी भी पाकिस्तान के बाबर आजम पहले नंबर पर हैं। उनकी रेटिंग 795 की है। इसके बाद लगातार तीन स्थानों पर भारतीय बल्लेबाजों का कब्जा है। रोहित शर्मा 765 की रेटिंग के साथ दूसरे नंबर पर हैं। शुभमन गिल की रेटिंग 763 की है और वे नंबर तीन पर हैं। विराट कोहली 746 की रेटिंग के साथ नंबर चार पर अभी भी काबिज हैं।

### केएल राहुल को मिला दो स्थानों का फायदा

बात अगर केएल राहुल की करें तो वे दो स्थानों की छलांग लगाकर अब नंबर 13 पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 644 की है। अब उनके पास मौका है कि वे टॉप 10 में एंट्री करें। लेकिन ये निर्भर इस बात पर करेगा कि वे क्या वे इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज और इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया की ओर से खेलते हुए दिखाई देंगे।

### श्रेयस अय्यर और केएल राहुल टॉप 10 के काफी करीब

भारत के लिए श्रेयस अय्यर 658 की रेटिंग के साथ आईसीसी की वनडे रैंकिंग में नंबर 11 पर हैं। अभी तक जो खबरें सामने आ रही हैं, उसमें यही कहा जा रहा है कि श्रेयस अय्यर और केएल राहुल में से किसी एक ही बल्लेबाज को चैंपियंस ट्रॉफी में मौका दिया जाएगा। उम्मीद है कि 17 या फिर 18 जनवरी को भारतीय टीम का ऐलान कर दिया जाएगा, इसके बाद तस्वीर काफी हद तक साफ हो जाएगी।



## ओसाका मातृत्व अवकाश से लौटने के बाद पहली बार ग्रैंड स्लैम के तीसरे दौर में

**नई दिल्ली,15 जनवरी 2025।** दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका ने बुधवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में नंबर 20 सीड कैरोलिन मुचोवा को 1-6, 6-1, 6-3 से हराने के लिए एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की।पहले दौर में कैरोलिन गार्सिया पर 6-3, 3-6, 6-3 से शानदार जीत के बाद, ओसाका ने पिछले साल की यूएस ओपन सेमीफाइनलिस्ट को हराकर धीमी शुरुआत से उबरते हुए मातृत्व अवकाश से लौटने के बाद पहली बार ग्रैंड स्लैम के तीसरे दौर में प्रवेश किया।ओसाका ने कोर्ट पर कहा, यह बहुत मायने रखता है।मेरे लिए उसके साथ खेलना बहुत मुश्किल है।

# क्या रोहित शर्मा जाएंगे पाकिस्तान



## » टीम इंडिया दुबई में खेलेगी अपने मुकाबले

**नई दिल्ली,15 जनवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियां इस वक्त काफी तेजी से की जा रही हैं। हालांकि आईसीसी के इस टूर्नामेंट में अभी भी एक महीने से ज्यादा का वक्त है। इस बीच आईसीसी की ओर से पहले ही शेड्यूल जारी किया जा चुका है और टीम इंडिया अपने मुकाबले दुबई में खेलती हुई नजर आएगी। इस बीच बड़ा और अहम सवाल खड़ा हो गया है कि क्या टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान जाएंगे। हालांकि अभी तक बीसीसीआई की ओर से इस बारे में कुछ भी नहीं कहा गया है। लेकिन जो संभावनाएं बन रही हैं, वो तो कुछ इसी ओर इशारा कर रही हैं।

### करीब 29 साल बाद पाकिस्तान कर रहा है किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी

पाकिस्तान करीब 29 साल बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले साल 1996 में उसे वनडे विश्व कप की मेजबानी का मौका मिला था। इसके बाद पाकिस्तान में जो कुछ हुआ, उसने उसी साख पर बट्टा लगाने का काम किया। हालांकि इसी तरह अब पीसीबी एक और आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी की तैयारी में जुटा है। चुंकि पाकिस्तान में इतने लंबे अर्से बाद बड़े आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी का मौका मिला है, इसलिए वो उसे ऐतिहासिक बनाने का प्लान कर रहा है।

### चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कप्तानों का होना है फोटो शूट

बताया जा रहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पीसीबी की ओर से शानदार उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जाना है, साथ ही सभी 8 कप्तानों का फोटो शूट भी होना है, ताकि इसे यादगार बनाया जा सके। वैसे तो हर बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट से पहले ट्रॉफी के साथ कप्तानों का फोटो शूट होता है, लेकिन इस बार इसमें पेंच है। चुंकि पहले केवल पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी मिली थी, लेकिन जब बीसीसीआई ने भारतीय टीम को वहां भेजने से मना कर दिया तो थक हारकर पीसीबी को मानना पड़ा कि टीम इंडिया अपने मैच दुबई में खेले।

### सारी टीमें दुबई नहीं जा पाएंगी

अब भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी। वहीं जो टीमें भारत के ग्रुप में नहीं हैं, वो दुबई नहीं जाएंगी, जब तक कि वे सेमीफाइनल में नहीं पहुंच जाती। इसे जरा विस्तार से समझिए। भारत और पाकिस्तान के ग्रूप में न्यूजीलैंड और बांग्लादेश की टीमें हैं। जाहिर है कि उन्हें भारत से खेलने के लिए दुबई जाना होना। लेकिन ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, अफगानिस्तान और इंग्लैंड के सारे लीग मैच पाकिस्तान में ही हैं तो वे टीमें दुबई नहीं जाएंगी। अगर इनमें से कोई टीम सेमीफाइनल में चली जाती है और उसका मुकाबला भारत ये तय होता है, तभी उन्हें दुबई जाने की जरूरत होगी।

### रोहित शर्मा को लेकर बीसीसीआई को लेना है फैसला

ऐसे में चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फोटो शूट पाकिस्तान में ही होगा। अब क्या रोहित शर्मा इसमें शमिल होने के लिए पाकिस्तान जाएंगे। फोटो शूट की तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि ये आयोजन 19 फरवरी से पहले ही होगा। इसकी तारीख टीमों के प्रैक्टिस मैच के आधार पर तय होगी। अभी इस इवेंट में भी करीब एक महीने का वक्त है। देखना होगा कि बीसीसीआई रोहित शर्मा को लेकर क्या फैसला करता है। अगर कहीं रोहित शर्मा पाकिस्तान जाते हैं तो काफी लंबे वक्त बाद ऐसा होगा कि कोई भारतीय कप्तान पाकिस्तान की सरजमीं पर नजर आएगा। हालांकि अभी इंतजार करना होगा कि आखिरी फैसला क्या लिया जाता है।

## हम्पी कोनेरू नॉर्वे शतरंज महिला 2025 में वापसी करेंगी



**स्टावेंजर (नॉर्वे),15 जनवरी 2025।** भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला शतरंज खिलाड़ी हम्पी कोनेरू नॉर्वे शतरंज महिला 2025 में प्रतिस्पर्धा करने के लिए वापस आएंगी। अपने सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड और टूर्नामेंट में सर्वोच्च रेटिंग वाली महिला खिलाड़ियों में तीसरे स्थान पर होने के कारण, वह खिताब की प्रबल दावेदार हैं।

वर्तमान में महिला शास्त्रीय शतरंज में विश्व में छठे स्थान पर काबिज हम्पी का लक्ष्य प्रतिष्ठित शतरंज टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ना है।

हम्पी की नॉर्वे शतरंज महिला में वापसी उनके उल्लेखनीय करियर को उजागर करती है। 2002 में, वह ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, जिसने शतरंज के इतिहास में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। अब, वह महिला शतरंज में भारत की नंबर 1 और दुनिया भर में एक सम्मानित शतरंज खिलाड़ी बनी हुई हैं।

## चैंपियंस ट्रॉफी ओपनिंग सेरेमनी में भाग लेने पाकिस्तान जाएंगे भारतीय क्रिकेट कप्तान



**नई दिल्ली,15 जनवरी 2025।** भारत क्रिकेट टीम पाकिस्तान में होने जा रही चैंपियंस ट्रॉफी के मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी। हालांकि सूत्रों के अनुसार, टीम इंडिया के कप्तान के पाकिस्तान जाकर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने की उम्मीद है। यह टूर्नामेंट आठ साल बाद फिर से हो रहा है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चैंपियंस ट्रॉफी के भव्य उद्घाटन समारोह की तैयारी कर रहा है जो 16 या 17 फरवरी को होगा। यह तारीख वार्म-अप मैचों के कार्यक्रम के अनुसार तय होगी। सभी टीमों के कप्तानों को उद्घाटन समारोह में भाग लेना होगा, जो आईसीसी इवेंट्स की परंपरा रही है।सूत्रों ने को बताया, भारतीय टीम के कप्तान उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने पाकिस्तान जाएंगे। पीसीबी इस इवेंट को खास बनाने की तैयारी कर रहा है, क्योंकि यह 29 साल बाद पाकिस्तान में किसी बड़े अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट की वापसी है।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज 19 फरवरी से होगा। यह पाकिस्तान के लिए एक ऐतिहासिक मौका है,

# पवन कल्याण की दमदार आवाज में हरि हर वीर मल्लु का फर्स्ट सिंगल प्रोमो आउट

हरि हर वीर मल्लु के मेकर ने मकर संक्रांति/पोंगल के शुभ अवसर पर फिल्म का फर्स्ट सिंगल प्रोमो जारी किया है। प्रोमो में पवन कल्याण की झलक के साथ फुल सॉन्ग की रिलीज डेट का भी खुलासा किया गया है। इस गाने को चार भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। मंगलवार को मेकर्स ने एक्स




(पूर्व में ट्विटर) पर हरि हर वीर मल्लु का फर्स्ट सिंगल प्रोमो जारी किया। इसे चार भाषाओं हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया गया है। हरि हर वीर मल्लु का फर्स्ट सिंगल प्रोमो का यूट्यूब लिंक साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, म्यूजिकल तूफान की शुरुआत. हरि हर वीर मल्लु का पहला सिंगल प्रोमो अब रिलीज हो गया है। प्रोमो की शुरुआत एक घने जंगल से होती है। बैकग्राउंड में पवन कल्याण की दमदार आवाज सुना जा सकता है, जो किसी को चेतावनी देते हुए कहते हैं, सुन ले...वीर मल्लु बात करे तो सुन ले। प्रोमो में पूरे गाने की रिलीज डेट की जानकारी भी दी गई है। 17 जनवरी को सुबह 10:20 बजे पूरा गाना रिलीज होगा। हिंदी में हरि हर वीर मल्लु के फर्स्ट सिंगल को बात निराली टाइटल दिया गया है। तमिल में इसे केक्कणम गुरुवे, कन्नड़ में माथु केलय्या और मलयालम में केल्कणम गुरुवे नाम दिया गया है। हरि हर वीर मल्लु में साउथ फिल्म इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन कल्याण अहम भूमिका में है। उनके साथ निधि अग्रवाल, बॉबी देओल और अन्य कलाकार स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। ज्योति कृष्णा और कृष जगरलामुदी ने मिलकर इस फिल्म डायरेक्ट किया है। जबकि ऑस्कर विजेता एमएम कीरवानी ने म्यूजिक कंपोज किया है।



## खूबसूरत साड़ी पहन प्रज्ञा जैसवाल ने कैमरे के सामने दिखाई हॉटनेस

### एक्ट्रेस की हर अदाओं पर दिल हार गए फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को अपना दीवाना बना देती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने करियर में अबतक 14 से ज्यादा फिल्मों, सीरियल और सीरीज में काम किया है। वो भले ही इन दिनों किसी फिल्मों में नहीं नजर आ रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी तस्वीरों से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका हॉट एंड ग्लैमरस अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।प्रज्ञा जैसवाल की हालिया फोटोशूट कराई गई तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने येलो कलर की बेहद ही खूबसूरत सिंपल साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं।खुले बाल, चेहरे पर प्यारी सी स्माइल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा है- यू लुक ग्लैमरस। तीसरे यूजर ने लिखा है- स्टनिंग। ऐसे ही एक के बाद एक कॉमेंट आ रहे हैं।

# शराब घोटाला मामले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा गिरफ्तार

» **सात दिन की रिमांड पर**

» **प्रवर्तन निदेशालय ने किया कोर्ट में किया पेश,2161 करोड़ का है शराब घोटाला**

» **बुधवार को ईडी ने तीसरी बार बेटे के साथ पूछताछ के लिए 11 बजे बुलाया था...**

» **कवासी लखमा को 50 लाख रुपये हर महीने कमीशन के रूप में मिलते थे...**

**रायपुर, 15 जनवरी 2025(ए)।** बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री और कांग्रेस विधायक कवासी लखमा को ईडी ने गिरफ्तार किया है। ईडी ने लंबी पूछताछ के बाद कवासी लखमा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सात दिन की रिमांड पर सौंपा गया है। 21 जनवरी को पेश किया जाएगा।

बुधवार को तीसरी बार पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर बुलाया गया था, इसी दौरान उनकी गिरफ्तारी हुई। ईडी ने लखमा के खिलाफ भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग के आरोपों की जांच शुरू की थी, और अब उनके बैंक खाते, संपत्तियों सहित अन्य वित्तीय जानकारी को खंगाले। जिससे कई अहम सबूत हाथ लगे हैं।

ईडी की जांच के अनुसार,लखमा पर आरोप है कि उन्होंने शराब घोटाले के जरिए अवैध रूप से करोड़ों रुपये कमाए। आरोप यह भी है कि लखमा को शराब घोटाले की अवैध कमाई के रूप में प्रति माह 50 लाख रुपये का कमीशन मिलता था।

इस घोटाले में अन्य प्रमुख आरोपितों में आबकारी विभाग के अधिकारी, व्यवसायी और कई उच्च सरकारी कर्मी शामिल हैं। जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि 2019 से 2022 के बीच सरकारी शराब दुकानों से अवैध शराब की बिक्री की गई थी, जिससे राज्य सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हुआ।

### सिंडिकेट चलाकर किया गया घोटाला

ईडी की जांच के अनुसार तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आइएएस अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के अवैध सिंडिकेट के जरिए शराब घोटाले को अंजाम दिया गया था।

इस मामले की जांच एसीबी भी कर रही है। इसकी जांच के अनुसार साल 2019 से 2022 तक सरकारी शराब दुकानों से अवैध शराब डूप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बेची गई थी।

### सीए के साथ नहीं पहुंचे थे कवासी

ईडी के अधिकारियों ने कवासी लखमा ने तीसरी बार पूछताछ के लिए बुलाया था। इस दौरान ईडी ने कवासी से कहा था कि वह अपने सीए को भी साथ में लेकर आएं लेकिन कवासी लखमा अकेले ही ईडी के दफ्तर पहुंचे। कवासी लखमा ने बताया कि उनके किसी किसी काम से बाहर गए हैं जिस कारण से वह नहीं आए हैं।

### कवासी ने कहा फूटी कौड़ी नहीं मिले मेरे पास से...

गिरफ्तारी के बाद कवासी लखमा ने मीडिया से कहा कि ईडी को जांच के दौरान उनके घर से फूटी कौड़ी नहीं मिली है। जबरन फंसाया गया है। नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है। इसके पीछे भाजपा का हाथ है।



### हरीश लखमा की फिलहाल नहीं हुई गिरफ्तारी



छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को गिरफ्तार किया है। मगर खबर यह आ रही है कि उनके बेटे हरीश लखमा को अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है। हालांकि इससे पहले कहा जा रहा था कि हरीश लखमा की भी गिरफ्तारी हुई है।

### क्या है शराब घोटाले का यह मामला?

शराब घोटाले में ईडी की जांच, जो कथित तौर पर 2019 और 2022 के बीच हुआ था, ने खुलासा किया कि विभिन्न अवैध तरीकों से अवैध कमीशन उत्पन्न किया गया था।

केंद्रीय एजेंसी के अनुसार, शराब की खरीद और बिक्री के लिए जिम्मेदार राज्य निकाय छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड (सीएसएमसीएल) द्वारा खरीदी गई शराब के प्रत्येक ÷केस÷ के लिए डिस्टिलर्स से रिश्वत ली गई थी।

ईडी ने दावा किया कि अवैध लाभ कमाने का एक और तरीका बेहिसाब देशी शराब की बिक्री थी।

इसमें कहा गया कि आय का कोई भी हिस्सा राज्य के खजाने तक नहीं पहुंचा और इसके बजाय सिंडिकेट द्वारा जेब में डाल लिया गया।

एएनआई की रिपोर्ट में ईडी के हवाले से कहा गया है कि अवैध शराब विशेष रूप से राज्य द्वारा संचालित दुकानों के माध्यम से बेची जाती थी। ईडी ने यह भी कहा कि डिस्टिलर्स को रिश्वत दी गई ताकि वे एक निश्चित बाजार हिस्सेदारी के साथ एक कार्टेल बना सकें और यहां तक कि विदेशी शराब खंड में शामिल लोगों को रिश्वत दी गई।

---

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### सीएम ने पदोन्नत हुए एसपी को पहनाया बैज



**रायपुर, 15 जनवरी 2025(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बगिया स्थित अपने निजी निवास में जशपुर के स्क्क शशिमोहन सिंह के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर पीपींग सेरेमनी में बैच एवं स्टार पहनाया। इसी तरह राजधानी स्थित पुलिस मुख्यालय में स्टार सेरेमनी का आयोजन हुआ जहां पदोन्नत हुए आईपीएस अफसरों को बैज पहनाया गया। मुख्यमंत्री के निवास बगिया में इस मौके पर कमिश्नर नरेन्द्र सिंह दुग्गा, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित उनकीप त्नी रेखा सिंह एवं बेटे रिभु समर्थ सिंह भी मौजूद थे।

### 15 की जगह 18 जनवरी को होगा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन



**रायपुर, 15 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में नगर निगम चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की नई तारीख घोषित कर दी है। अब यह सूची 18 जनवरी को प्रकाशित की जाएगी। छत्तीसगढ़ के 14 नगर निगमों में से 10 नगर निगमों में चुनाव होने हैं, जिनके लिए आचार संहिता 18 जनवरी के बाद लागू होगी। चुनाव की तिथियों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

---

## 2 साल से गायब हैं रामगोपाल अग्रवाल





» **छत्तीसगढ़ कांग्रेस को है कोषाध्यक्ष की तलाश**

» **वरिष्ठ नेता सिंहदेव ने पार्टी को लेकर की ये टिप्पणी**

**रायपुर, 15जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस में बीते 2 साल से कोषाध्यक्ष का पद खाली पड़ा हुआ है। पार्टी के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल श्वष्ठ के छापों के बाद से नदारद हैं और अब तक उनके स्थान पर किसी नए नेता की नियुक्ति नहीं की गई है। इस मामले में जहां एक ओर पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव का कहना है कि पार्टी का बैकबोन थोड़ा हिला हुआ है, वहीं दीपक बैज का कहना है कि जल्द ही किसी नए पदाधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।

## छत्तीसगढ़ को केंद्र से मिलेगा 1874 करोड़ रुपये अतिरिक्त आबंटन



### पूंजीगत व्यय के सदुपयोग में छत्तीसगढ़ ने देश में बनाई अलग पहचान,केंद्र सरकार ने की सराहना

**रायपुर, 15 जनवरी 2025(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी जनहितैषी नीतियों एवं कार्यक्रमों से न केवल प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बनाई है, अपितु राज्य के बजट और केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि का जनहित में सदुपयोग सुनिश्चित कर केंद्र सरकार से सराहना और प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने की भी हकदार बनी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि राज्य की जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना और विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाना सरकार की प्राथमिकता है।

छत्तीसगढ़ ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूंजीगत व्यय के तहत आबंटित धनराशि का कुशल और प्रभावी उपयोग किया है, जिसकी केंद्र सरकार ने सराहना की है। पूंजीगत व्यय के तहत राशि के सदुपयोग के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ राज्य को शीघ्र ही 1874 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आबंटन मिलेगा। यह राशि राज्य के बुनियादी ढांचे और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए खर्च की जाएगी।

पूंजीगत व्यय यानि कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स) का अर्थ है उन पूंजीगत व्ययों का प्रावधान, जो किसी राज्य या देश में बुनियादी ढांचे के निर्माण, नए परिसंपत्तियों के सृजन और दीर्घकालिक विकास के लिए किए जाते हैं। बजट में इसे इसलिए शामिल किया जाता है ताकि शासकीय धन का उपयोग सड़क, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, और उद्योग जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण और विकास के लिए किया जा सके।

## बिक रही है घटिया क्वालिटी की शराब



**सारंगढ़, 15 जनवरी 2025(ए)।** शराब प्रेमी बेहद बेहद परेशान है क्योंकि देशी शराब दुकान बरमकेला में लंबे समय से यह मिलावट का खेल बेधड़क जारी है। ऐसा नहीं है कि, इतने लंबे समय से चल रहे खेल की जानकारी जिम्मेदार आबकारी के अधिकारियों को न हो। लेकिन ताज्जुब की बात है कि, अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सूत्र बताते हैं कि, जब आबकारी अधिकारियों को शिकायत की जाती है और अधिकारी बरमकेला शराब दुकान जांच के लिए आने वाले रहते हैं उसके पहले ही मैनेजर और कर्मचारियों को पता चल जाता है। लिहाजा कुछ समय के लिए इस मिलावट के खेल को बंद कर दिया जाता है। देशी शराब में पानी के मिलावट से न सिर्फ लोगों को पैसे का नुकसान हो रहा है बल्कि स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी हो रहा है।




## एसपी के बंगले में घुस गया तेंदुआ



**गरियाबंद-रायपुर, 15 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले खबर सामने आई है। रात के वक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) निखिल कुमार राखेचा के सरकारी बंगले में एक तेंदुआ घुस गया। तेंदुए के घुसने की ख़बर से बंगले में तैनात जवानों के बीच हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी जानकारी वन विभाग को दी गयी। लेकिन वन विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही तेंदुआ दीवार फांदकर जंगल की तरफ भाग निकला। बताया जा रहा है कि गरियाबंद एसपी के बंगले में पुलिस लाइन कॉलोनी के फेस वन मुख्य द्वार की तरफ से तेंदुआ अंदर प्रवेश कर गया। वहीं जब इस बात की जानकारी वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों को लगी तब उन्होंने इस बात की जानकारी वन विभाग को तत्काल दी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)